PRGI Reg. No. : CTHIN/25/A1911

हिन्दी दैनिक

# लोकतंत्र प्रहरी

● वर्ष-01 ● अंक- 184 ● भिलाई, बुधवार 28 जनवरी 2026 ● हिन्दी दैनिक ● पृष्ठ संख्या-8 ● मूल्य - 2 रुपया ● संपादक- संजय तिवारी, मो. 9200000214

## संक्षिप्त समाचार

### तृणमूल का एसआईआर के खिलाफ मगरा हाट में विरोध प्रदर्शन

**मगराहाट।** नेशनल वोटर्स डे पर, ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) के विरोध में सड़कों पर उतरी व विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही एक बड़ा विरोध मार्च निकाला गया, जिसमें आरोप लगाया गया कि केंद्र सरकार इस एसआईआर के जरिए आम लोगों को परेशान कर रही है और सिस्टमैटिक तरीके से सही वोटर्स के नाम हटाने की कोशिश कर रही है। मगरा हाट ईस्ट की विधायक नमिता साहा नमिता साहा ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला किया। उन्होंने कहा, एसआईआर के नाम पर आम लोगों को हर दिन परेशान किया जा रहा है। तृणमूल कांग्रेस उनके वोटिंग अधिकार छीनने की इस साजिश को कभी स्वीकार नहीं करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हमेशा आम लोगों के वोटिंग अधिकार की रक्षा के लिए लड़ाई लड़ी है और यह लड़ाई आने वाले दिनों में भी जारी रहेगी। इस इस विरोध कार्यक्रम में मगराहाट नंबर 2 पंचायत समिति की कार्यकारी अध्यक्ष रूना यास्मीन, मगराहाट नंबर 2 ब्लॉक तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष सलीम लस्कर सहित पार्टी के कई नेता और बड़ी संख्या में वर्कर और सपोर्टर भी मौजूद थे। इस दौरान तृणमूल कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर मांगें पूरी नहीं हुईं तो आने वाले दिनों में आंदोलन तेज किया जाएगा।

### चुनाव आयोग लोगों के अधिकार का हनन कर रही है: ममता बनर्जी

**कोलकाता ।** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने एक बार चुनाव आयोग पर आरोप लगाया कि वह भाजपा के इशारों पर काम कर रही है। सीएम ने विपक्ष को कुचलने और लोकतंत्र की नींव नष्ट करने का आरोप लगाया है। सीएम ने राष्ट्रीय मतदाता दिवस को %दुखद तमाशा% बताते हुए कहा कि आयोग लोगों के मतदान अधिकारों का हनन कर रहा है। राष्ट्रीय मतदाता दिवस के मौके पर, मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आज भारत के चुनाव आयोग पर एसआईआर को लेकर जमकर हमला बोला। अपने ङ्ग हैंडल का इस्तेमाल करते हुए बनर्जी ने कहा, भारत का चुनाव आयोग आज राष्ट्रीय मतदाता दिवस मना रहा है।

भारत-ईयू ने एफटीए वार्ता पूरी की

# रसायनों के लिए शून्य शुल्क कार वाइन के लिए रियायती पहुंच

नयी दिल्ली/ एजेंसी

भारत और यूरोपीय संघ ने मंगलवार को मुक्त व्यापार समझौते (एफ्टीए) के लिए बातचीत पूरी होने की घोषणा की। एक अधिकारी ने बताया कि इस समझौते के तहत परिधान, रसायन और जूते-चप्पल जैसे कई घरेलू क्षेत्रों को 27 देशों के इस समूह में शुल्क-मुक्त प्रवेश मिलेगा। वहीं, यूरोपीय संघ (ईयू) को कारों और वाइन के लिए रियायती शुल्क पर भारतीय बाजार तक पहुंच प्राप्त होगी। दो दशकों से अधिक समय तक चली बातचीत के बाद संपन्न हुए इस समझौते को 'अबतक का सबसे बड़ा' समझौता कहा गया है। यह लगभग दो अरब लोगों का बाजार तैयार करेगा। अधिकारी ने कहा कि वाहन और इस्पात को छोड़कर, भारत के लगभग सभी सामानों (93 प्रतिशत से अधिक) को यूरोपीय संघ में शून्य-शुल्क पहुंच मिलेगी। बाकी छह प्रतिशत से अधिक वस्तुओं के लिए भारतीय निर्यातकों को शुल्क में कटौती और कोटा-आधारित शुल्क रियायतें (जैसे ऑटोमोबाइल के लिए) मिलेंगी। यूरोपीय संघ इस मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने के साथ ही पहले दिन भारत के 90 प्रतिशत सामानों पर आयात शुल्क समाप्त कर देगा। यह समझौता अगले साल की शुरूआत में लागू होने की उम्मीद है। अन्य तीन प्रतिशत वस्तुओं पर शुल्क को सात वर्षों में चरणबद्ध तरीके से समाप्त किया जाएगा। अधिकारी ने कहा, इस प्रकार ईयू द्वारा भारत को व्यापार मूल्य के 99.5 प्रतिशत हिस्से पर रियायतें दी जा रही हैं। दूसरी ओर,



यूरोपीय संघ को भारत में दस वर्षों की अवधि में अपने 93 प्रतिशत सामानों के लिए शुल्क-मुक्त पहुंच मिलेगी। भारत समझौते को लागू करने के पहले दिन यूरोपीय वस्तुओं के केवल 30 प्रतिशत हिस्से पर शुल्क हटाएगा। भारत यूरोपीय संघ को व्यापार मूल्य के 3.7 प्रतिशत हिस्से पर शुल्क रियायतें और कोटा-आधारित कटौती भी दे रहा है। कुल मिलाकर, भारत ईयू को व्यापार मूल्य के 97.5 प्रतिशत पर शुल्क रियायतें दे रहा है। अधिकारी ने बताया कि शुल्क-मुक्त पहुंच पाने वाले प्रमुख भारतीय क्षेत्रों में कपड़ा, परिधान, समुद्री उत्पाद, रसायन, प्लास्टिक, रबर, चमड़ा और जूते-चप्पल शामिल हैं। इसके अलावा आधार धातु, रत्न और आभूषण, फर्नीचर, खिलौने और खेल के सामान को भी यह लाभ मिलेगा। इस समय इन क्षेत्रों पर यूरोपीय संघ में शून्य से 26 प्रतिशत तक शुल्क लगता है। भारत ने एफ्टीए के तहत ईयू की वस्तुओं के लिए भी शुल्क को उदार बनाया है। अधिकारी ने कहा, हमारे मामले में, भारत 10 वर्षों में ईयू के लिए आयात शुल्क को घटाकर शून्य कर देगा। शुरूआत में शून्य तक की कमी सीमित है। समझौते के लागू होने पर हम अपने व्यापार मूल्य के 30 प्रतिशत तक की कटौती करेंगे। लेकिन धीरे-धीरे, हम अपने कुल द्विपक्षीय व्यापार मूल्य के 93 प्रतिशत पर शून्य तक पहुंच जाएंगे।

### मेडिकल उपकरण के 90 प्रतिशत उत्पाद टैक्स फ्री

इस फ्री ट्रेड डील के तहत भारत ने यूरोप से आने वाले कई उत्पादों पर लगने वाला भारी टैक्स खत्म करने या काफी कम करने पर सहमति दी है। अब रसायन, विमान, अंतरिक्ष से जुड़े उपकरण और मेडिकल मशीनें सस्ती दरों पर भारत आ सकेंगी। खास बात यह है कि मेडिकल और सर्जिकल उपकरणों के करीब 90 प्रतिशत सामान अब टैक्स-फ्री होंगे, जिससे इलाज से जुड़ी मशीनें और उपकरण सस्ते हो सकते हैं। समझौते के बाद यूरोप से आने वाले खाद्य उत्पादों पर भी बड़ी राहत मिलेगी। जैतून का तेल, मार्जरीन और दूसरे वनस्पति तेलों पर अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। शराब पर लगने वाले टैक्स में भी बड़ी कटौती की गई है। अभी यूरोपीय शराब पर 150 प्रतिशत टैक्स लगता है, जिसे घटाकर 20 से 30 प्रतिशत किया जाएगा। बीयर पर टैक्स 110 प्रतिशत से घटकर 50 प्रतिशत होगा।

अविमुक्तेश्वरानंद और महामंडलेश्वरों पर टिप्पणी पड़ी भारी

# किन्नर अखाड़े से बाहर निकाली गई ममता कुलकर्णी-डॉ. लक्ष्मी

नई दिल्ली/ एजेंसी

बॉलीवुड की पूर्व अभिनेत्री और अब संन्यास का जीवन बिता रहीं ममता कुलकर्णी एक बार फिर विवादों के केंद्र में हैं। हाल ही में महामंडलेश्वरों और शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के खिलाफदिए गए तीखे बयानों के चलते उन्हें किन्नर अखाड़े से निष्कासित कर दिया गया है। अखाड़े की प्रमुख महामंडलेश्वर डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने इस कड़े फैसले की पुष्टि करते हुए स्पष्ट किया कि अब ममता कुलकर्णी का अखाड़े से कोई लेना-देना नहीं है। यह कार्रवाई ममता द्वारा सनातन धर्म के शीर्ष पदाधिकारियों को झूठा और



शून्य ज्ञान वाला बताने के ठीक दो दिन बाद की गई है। अखाड़ा परिषद के पदाधिकारियों के साथ हुई एक आपात बैठक के बाद सर्वसम्मति से उन्हें बाहर का रास्ता दिखाया गया। ममता कुलकर्णी ने हाल ही में एक इंटरव्यू के दौरान सनातन धर्म के प्रतिष्ठित पदों पर बैठे व्यक्तियों पर जमकर निशाना साधा था। उन्होंने कहा था, 10 में से 9 महामंडलेश्वर और तथाकथित शंकराचार्य झूठे हैं, उन्हें अध्यात्म का शून्य ज्ञान है। उन्होंने विशेष रूप से शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद पर प्रहार करते हुए कहा कि उनके भीतर अहंकार भरा हुआ है। उन्होंने अयोध्या चुनाव के संदर्भ में भी विवादित टिप्पणी की थी, जिससे अखाड़ा परिषद के भीतर गहरा आक्रोश पैदा हो गया। निष्कासन की घोषणा करते हुए डॉ. लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने कहा, अखाड़े में महिला, पुरुष और किन्नर सभी शामिल हैं। और हम किसी भी तरह का विवाद नहीं चाहते हैं। मौनी अमावस्या के दिन हुई घटनाओं से हम पहले ही आहत हैं।

### हिस्ट्रीशीटर रोहित तोमर पुलिस के सामने पेश, सुप्रीम कोर्ट ने गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**रायपुर।** लंबे समय से फरार चल रहे हिस्ट्रीशीटर सूदखोर रोहित तोमर आज रायपुर के पुरानी बस्ती थाना में पुलिस के सामने पेश हुए। इस दौरान, सुप्रीम कोर्ट ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी, लेकिन कोर्ट ने उन्हें पुलिस कार्रवाई में सहयोग करने का आदेश भी दिया था। रोहित तोमर के खिलाफ राजधानी रायपुर के विभिन्न थानों में 16 से अधिक गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चाकूबाजी, हत्या का प्रयास, मारपीट, धोखाधड़ी, धमकी और ब्लैकमेलिंग जैसे आरोप शामिल हैं। पिछले साल 8 नवंबर को उनके बड़े भाई रूबी उर्फ वीरेंद्र तोमर को ग्वालियर से गिरफ्तार किया गया था, लेकिन रोहित को पकड़ने में पुलिस अब तक सफल नहीं हो पाई थी।

जातिवाद करने वाले दंगाइयों के हमदर्द

# आकाओं के इशारे पर लगाई जा रही है आग-सीएम योगी

नई दिल्ली/ एजेंसी

देशभर में यूजीसी के नए नियमों को लेकर सवर्ण समाज सड़कों पर है और भाजपा का जबरदस्त विरोध कर रहा है। इस तनावपूर्ण माहौल के बीच उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जातिवाद को लेकर एक बड़ा और अहम बयान दिया है। गोरखपुर में एक कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विरोधियों पर तीखा हमला बोला और कहा कि विकास की राह में रोड़ा अटकाने वाले फिर सक्रिय हो गए हैं। सीएम योगी गोरखपुर में रेल उपरिगामी सेतु और 4 लेन



फ्लाईओवर का लोकार्पण करने पहुंचे थे। वहां जनता को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब भी विकास की प्रक्रिया आगे बढ़ती है, परिवारवादी और जातिवादी ताकतें सिर उठाकर अव्यवस्था फैलाने की कोशिश करती हैं। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, मुख्यमंत्री का यह इशारा सीधे तौर पर समाजवादी पार्टी की तरफ माना जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन में विरोधियों पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि इन उपद्रवियों के आका उन्हें पीछे से धकेलते हैं और कहते हैं कि पैसा लिया है तो कुछ तो उपद्रव करो। लेकिन इन लोगों को अच्छे से मालूम है कि यूपी सरकार उपद्रवियों के साथ कैसा सख्त व्यवहार करती है। योगी ने जोर देकर कहा कि अब उत्तर प्रदेश 'उपद्रव प्रदेश' नहीं रहा, बल्कि यह 'उत्सव प्रदेश' बन चुका है।

यूजीसी के नए नियमों पर बढ़ी रार

# छात्रों में नफरत फैलाना बंद करे सरकार-प्रियंका

**नई दिल्ली।** उच्च शिक्षा संस्थानों में भेदभाव रोकने के लिए जारी त्नष्ट की नई गाइडलाइंस ने राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज कर दी है। शिवसेना सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने इन नियमों को 'दुर्भाग्यपूर्ण' करार देते हुए भाजपा पर हमला बोला है। उनका तर्क है कि ये नियम समानता लाने के बजाय नफरत को बढ़ावा दे रहे हैं। यूजीसी के हालिया दिशा-निर्देशों पर असंतोष व्यक्त करते हुए सांसद प्रियंका चतुर्वेदी ने कहा कि नियमों का वर्तमान स्वरूप विद्यार्थियों के बीच दूरियां पैदा करने वाला है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कैंपस में जातिगत भेदभाव होता है, तो सख्त



कार्रवाई अनिवार्य है और इस पर कोई दो राय नहीं हो सकती। लेकिन, नए नियम जिस तरह से पेश किए गए हैं, वे खुद में एक नया विवाद खड़ा कर रहे हैं। प्रियंका चतुर्वेदी के अनुसार, यूजीसी की इन गाइडलाइंस में पहले से ही एक धारणा बना ली गई है ।

### छुई मिट्टी निकालते समय बड़ा हादसा, मिट्टी धंसने से तीन लोगों की मौत

**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश के सिंगरौली जिले में एक दर्दनाक हादसा हो गया। जियावन थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम परसोहर (हर्राहा) में अवैध रूप से संचालित छुई (पोतने वाली) मिट्टी की खदान धंसने से तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि दो महिलाएं गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार, गांव के बाहर स्थित छुई मिट्टी निकालने वाले स्थान पर महिलाएं और बालिकाएं खुरपी से मिट्टी खोद रही थीं। इसी दौरान अचानक मिट्टी का बड़ा हिस्सा धंस गया, जिससे वहां काम कर रहे पांच लोग उसके नीचे दब गए।

दिल्ली-एनसीआर में बारिश से बढ़ी ठिठुरन

# आज के लिए आईएमडी का यलो अलर्ट; तेज हवा के साथ पड़ेंगे ओले!

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में कड़ाके की ठंड के बीच हो रही बारिश ने मौसम के मिजाज को पूरी तरह से बदल दिया है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) द्वारा पहले ही दिल्ली के मौसम में बदलाव की चेतावनी जारी की गई थी, और 27 जनवरी के लिए बारिश को लेकर यलो अलर्ट भी जारी किया गया था। मंगलवार की सुबह कोहरे और धुंध के साथ हुई, जिसके बाद तेज बर्फीली हवाओं ने लोगों को ठिठुरने पर मजबूर कर दिया। पश्चिमी विक्षोभ के असर से मंगलवार को फिर से दिल्ली-एनसीआर में मौसम ने करवट ली है। तेज हवाओं के साथ शुरू हो गई है। बारिश का यह दौर दिनभर



जारी रहने की संभावना है। मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र में खराब मौसम की आशंका को देखते हुए चेतावनी जारी की है। इस दौरान मध्यम से भारी बारिश के साथ तेज हवाएं चलने की संभावना जताई गई है। बीते कुछ दिनों से पड़ रही कड़ाके की ठंड के बाद एक बार फिर बारिश और आंधी-तूफान जैसी स्थिति बन सकती है। ऐसे में मौसम विभाग ने लोगों को सावधानी बरतने की सलाह दी है। मौसम विभाग ने सुबह ही राजधानी दिल्ली-एनसीआर, हरियाणा और राजस्थान के कई इलाकों में तेज आंधी, गरज-चमक, बिजली गिरने और मध्यम से भारी बारिश की संभावना जताई थी। मौसम विभाग के अनुसार, हरियाणा के सफीदों, बरवाला, महम, खरखौदा और फरूखनगर, दिल्ली के नरेला, बवाना, अलीपुर, कंझावला, रोहिणी, मुंडका, जाफरपुर जैसे इलाकों में ओलावृष्टि के साथ तेज गरज-चमक और मध्यम से भारी बारिश होने की आशंका जताई। आईएमडी ने बताया है कि इन प्रभावित क्षेत्रों में हवाओं की गति 40 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है।

यूजीसी यानी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग मामला

# भाजपा के 'घर' में लगी आग-विपक्ष चुपचाप सेंक रहा हाथ,यूजीसी के नए नियम डुबो देंगे बीजेपी की लुटिया

नई दिल्ली/ एजेंसी

यूजीसी यानी विश्वविद्यालय अनुदान आयोग ने 'प्रमोशन ऑफ इक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन 2026' लागू किए। इन नियमों के लागू होते ही सियासत गरमा गई है। इसका सीधा असर सत्ताधारी भारतीय जनता पार्टी के ऊपर देखने को मिल रहा है। जबकि विपक्षी दल चुप्पी साधे हुए हैं। इसके पीछे क्या कारण हैं? कौन से बड़े चेहरे बगावत पर उतर आए हैं? चलिए जानते हैंज 13 जनवरी को 'प्रमोशन ऑफइक्विटी इन हायर एजुकेशन इंस्टीट्यूशन रेगुलेशन 2026' लागू होते ही बवाल मच गया। क्षत्रिय-ब्राह्मण समाज और अन्य सवर्ण संगठन मुखर होकर आगे आ गए। चाय की चौपालों से लेकर सोशल मीडिया के इदारों तक विरोध के सुर उठने लगे। देखते ही देखते विरोधी सुर इस्तीफों में तब्दील होने लगे। सबसे पहले बलरामपुर में भाजपा नेता और पूर्व विस्तारक मृगेंद्र उपाध्याय ने यूजीसी के नए नियमों का विरोध करते हुए बीजेपी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया। इसके बाद गणतंत्र दिवस के दिन बरेली के सिटी




मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री ने इस्तीफा दे दिया। शाम होते-होते लखनऊ में कुम्हरावां मंडल के आधा दर्जन से ज्यादा सवर्ण पदाधिकारियों ने भाजपा को टाटा बाय-बाय कह दिया। अगली सुबह यानी आज 27 जनवरी को विरोध और गहराया, पार्टी के अंदर बगावती सुर और तेज हो गए। यूपी के बाहुबली नेता बृज भूषण शरण सिंह के बेटे और बीजेपी विधायक प्रतीक भूषण ने बड़ा बयान दे डाला। उन्होंने कहा कि इतिहास के दोहरे मापदंडों की अब गहन विवेचना होनी चाहिए, जहां बाहरी आक्रांताओं और उपनिवेशी ताकतों के भीषण अत्याचारों को 'अतीत की बात' कहकर भुलाया जाता रहा है; जबकि भारतीय समाज के एक वर्ग को निरंतर 'ऐतिहासिक अपराधी' के रूप में चिन्हित कर वर्तमान में प्रतिशोध का निशाना बनाया जा रहा है। कानपुर के बिठूर से कद्दावर बीजेपी नेता बीजेपी और विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने भी नए यूजीसी नियमों पर अपनी नाराज़गी ज़ाहिर की है। उन्होंने कहा कि सरकार को इस कानून की समीक्षा करनी चाहिए और सभी की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए ताकि समाज को न्याय मिल सके। इसके अलावा, बीजेपी एमएलसी देवेंद्र प्रताप सिंह ने यूजीसी को एक पत्र लिखकर कहा कि प्रस्तावित प्रावधान सामाजिक सद्भाव को नुकसान पहुंचा सकते हैं और उच्च शिक्षा प्रणाली में जातिगत तनाव बढ़ा सकते हैं। इससे देश की पूरी शिक्षा व्यवस्था बाधित हो सकती है ।

अखिलेश यादव ने कहा

# मोदी को सिर्फ दीदी धूल चटा सकती हैं

**नई दिल्ली।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मंगलवार को पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद एक अहम राजनीतिक बयान दिया। उन्होंने कहा कि इस देश में भारतीय जनता पार्टी के हमलों का मुकाबला सिर्फ 'दीदी' यानी ममता बनर्जी ही कर सकती हैं। अखिलेश यादव अपनी पत्नी और लोकसभा सांसद डिंपल यादव के साथ कोलकाता में राज्य सचिवालय 'नबन्ना' पहुंचे। वहां उन्होंने तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो ममता बनर्जी के साथ लगभग 40




मिनट तक बंद कमरे में बैठक की। जिसके बाद मीडिया से बात करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि जिस हिम्मत और दृढ़ संकल्प के साथ ममता बनर्जी ने बीजेपी की नीतियों और राजनीतिक दबाव का सामना किया है, वह पूरे देश के लिए एक मिसाल है।

CMYK

# वार्डों में नही हो रही नियमित सफाई, स्वच्छता अभियान को पलीता लगा रहे जिम्मेदार

## सोशल मीडिया में गंदगी की तस्वीर शेयर कर वार्डवासी दिखा रहे आइना, नगर में काबिज ट्रिपल इंजन की सरकार, बावजूद मोदी की महत्ववकांक्षी योजना को लग रहा ग्रहण









**बालोद।** स्वच्छ भारत मिशन का जिला मुख्यालय में बुरा हाल है। नगरपालिका बालोद में कई वार्डो में स्वच्छता अभियान ने दम तोड़ दिया है। ट्रिपल इंजन में काबिज नगर सरकार के जिम्मेदार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्त्वकांक्षी योजना स्वच्छ अभियान को पलीता लगा रहे हैं। बदहाली का आलम यह है कि नपा क्षेत्र के कई वार्डो की नालियों की सफाई नहीं होने से वह बजबजा रही है, नालियों के जाम होने की वजह से गंदा पानी सड़क पर बह रहा हैं। नालियों के बगल में रखे कचरों का ढ़ेर को उठाया नही जा रहा है। महीने में एक या दो बार ही नालियों की सफाई होने कि वजह से वार्डवासी परेशान हैं। यह हाल वार्ड नंबर-02 व 06 का हैं। इन वार्डो में न तो नालियों की ठीक ढंग से साफ सफाई होती है और न ही गलियो की। मोहल्ले में घरों के आसपास गंदगी का आलम हमेशा बना रहता हैं। वार्डवासियों की माने तो वे वार्ड पार्षद और पालिका को नालियों की सफाई के लिए कहते रहते है, लेकिन कई बार बोलने पर भी नियमित सफाई नही होती।

### वार्डवासी सोशल मीडिया का ले रहे सहारा

जब जिम्मेदार वार्ड पार्षद अपने ही वार्ड के मतदाताओं की बात नही सुन रहे है, तो वार्डवासियों ने सोशल मीडिया का सहारा लेना शुरू किया है। वार्डवासी गंदगी से पटी नालियों और कचरों के ढ़ेर की तस्वीर सोशल मीडिया में साझा कर जिम्मेदारों को आईना दिखा रहे है। 1 वार्ड से 20 वार्ड नगर पालिका बालोद नामक वाट्सएप ग्रुप में वार्डवासी बजबजाती नाली, मोहल्ले के सड़क पर लगे कचरे का ढेर की सफाई करने सम्बंधित वार्ड के पार्षदों से गुहार लगाते नज़र आते है। डोर टू डोर कचरा उठाने वाले स्वच्छता दीदियों द्वारा घरों से कचरा नही ले जाने की भी शिकायत वार्डवासी ग्रुप में कर रहे है। वार्डवासियों का कहना हैं कि अगर उनके द्वारा स्वच्छता दीदियों को घरों से नियमित कचरा उठाने को कहा जाए तो वे वाद विवाद करने लगते है। वार्ड-2 निवासी अमित यादव ने बताया हैं कि रेलवे कॉलोनी में कई दिनों से नाली की सफाई नहीं हुई है, जिसकी शिकायत कई बार करने पर भी कोई ध्यान नहीं दिया जाता है, उन्होंने सोशल मीडिया में अध्यक्ष व उपाध्यक्ष से समस्या को दूर करने की मांग करते हुए अनुरोध किया है कि उस नाली की सफाई करवाएं, क्योंकि पूरे बालोद का पानी उस नाली में आता है। वार्ड-6 निवासी अज्जू साहू ने बताया कि उनके घर के सामने 5 दिन से कचरा म्या ढ़ेरपड़ा हुआ है, बगल में स्कूल भी है, अभी भागवत कथा भी हो रही है, सड़क पर गंदा पानी बह रहा है, कई बार पार्षद को बोला गया है, पालिका में लिखित शिकायत भी किया हूं, लेकिन सफाई नहीं की गई है, दुर्गंध से बुरा हाल है।

### स्वच्छता अभियान ने तोड़ा दम

इसे दुर्भाग्य कहे या फ़िर वार्डवासियों की बेबसी, नगर में ट्रिपल इंजन की सरकार काबिज होने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी व जनप्रतिनिधिगण प्रधानमंत्री मोदी की महत्त्वकांक्षी योजना को ग्रहण लगा रहे है। पालिका क्षेत्रांतर्गत के कई वार्डो में न ही नियमित नालियों की सफाई की जा रही है, न हो कचरा उठाया जा रहा है, और न ही डोर डोर टू कचरा घरों से उठाया जा रहा है। स्वच्छता अभियान ने दम तोड़ दिया हैं।

# नपा अध्यक्ष ने सुना मोदी की मन की बात



**बेमेतरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम 'मन की बात' को नगर में अमरीका निर्मलकर की दुकान में सामूहिक रूप से सुना गया। इस अवसर पर नगर के अनेक गणमान्य नागरिकों एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में उपस्थित सभी जनों ने प्रधानमंत्री मोदी के विचारों को ध्यानपूर्वक सुना तथा उनके द्वारा बताए गए राष्ट्रनिर्माण, सामाजिक सहभागिता और सकारात्मक सोच के संदेशों से प्रेरणा ली। इस अवसर पर मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा सहित विकास तम्बोली, राजू देवांगन, लक्की साहू, नीतू कोठारी, आकिब मलकानी, टिल्लू दाऊ, संदीप यादव, धर्मेंद्र साहू, रोशन दत्ता, अमरीका निर्मलकर, हैतुल्य सिंह, उमेश्वरी साहू, पप्पू देवांगन, निर्भय गोस्वामी, मनोज बक्शी, नरेश साहू, कृष्णा यादव, कालू सलूजा, भूषण तिवारी एवं बलदाऊ सिन्हा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थितजनों ने प्रधानमंत्री के विचारों को जन-जन तक पहुँचाने तथा राष्ट्रनिर्माण के संकल्प को और अधिक मजबूती देने का संकल्प लिया।

# कल्याण कॉलेज में बताई तंत्र में गण की महत्ता और समझाया संविधान का पाठ

### कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गणतंत्र दिवस

**भिलाई।** शिक्षाधानी भिलाई के सेक्टर-7 स्थित कल्याण कॉलेज में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस मौके पर लोकतांत्रिक देश भारत में गण या हरेक व्यक्ति की महत्ता बताई गई। साथ ही संविधान का पाठ भी पढ़ाया गया।

कल्याण कॉलेज में 77वां गणतंत्र दिवस ऊर्जा, उल्लास, उत्साह, उमंग और बड़े आनंद के साथ मनाया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उन्होंने भारत के गणतंत्र होने की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला। राष्ट्रीय गीत की 150वीं वर्षगांठ के अवसर पर वंदे मातरम का गायन भी किया गया।




प्राचार्य डॉ.विनय शर्मा के द्वारा एनसीसी कैडेट्स और एनएसएस स्वयंसेवियों को हमेशा भारत की एकता को कायम रखने, देश के अनुशासित व उत्तरदायी नागरिक बने रहने, निस्वार्थ भाव से सकारात्मक, सामुदायिक विकास करने की प्रतिज्ञा दिलाई गई।

कॉरपोरल किरण चंद्राकर और कॉरपोरल दिव्यानी के द्वारा ÷मेरा देश मेरा मुल्क मेरा ये वतन÷ गीत की प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में एनसीसी गीत और एनएसएस लक्ष्य गीत को कैडेट्स ने गाया और उपस्थित लोगों का उत्साहवर्धन किया।

इस मौके पर वाणिज्य संकाय के अध्यक्ष डॉ.सलीम अकील, शिक्षा संकाय के अध्यक्ष डॉ.ईश्वर सिंह बरगाह, विज्ञान संकाय के अध्यक्ष डॉ.गुणवंत चंद्रौल, शिक्षा संकाय की प्राध्यापक डॉ.कविता वर्मा, डॉ.छाया सोनपिपरे, हिंदी विभाग की प्राध्यापक डॉ.फ़िरोजा जाफ़र अली, डॉ.अंजन कुमार, अंग्रेजी विभाग की प्राध्यापक डॉ.अरुणा चौबे, वाणिज्य संकाय के प्राध्यापक डॉ.रवीश सोनी, अमित अग्रवाल, योगेश रामटेके, खोमेश सिन्हा, गजेंद्र, गणित विभाग के अध्यक्ष डॉ.एम.पी.गोस्वामी, रसायन विभाग के अध्यक्ष डॉ.नरेश देशमुख। एनसीसी बॉयज डिवीजन के प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ.हरीश कश्यप, एनसीसी गर्ल्स डिविजन की प्रभारी लेफ्टिनेंट डॉ.के. नागमणि, एनएसएस प्रभारी डॉ.अनिर्बन चौधरी सहित अधिकारी, कर्मचारी, बीएड प्रशिक्षणार्थी, शोधार्थी, विद्यार्थी व अन्य उपस्थित रहे।

# दुर्ग में बसंतोत्सव : कवियों, कलाकारों और लोकसंस्कृति का भव्य आयोजन

**दुर्ग** : अभिभाषक साहित्य संसद दुर्ग, क्षितिज रंग शिविर दुर्ग एवं आइडियल क्रिएशन वेलफेयर सोसायटी, दुर्ग के संयुक्त तत्वावधान में जिला अधिवक्ता संघ दुर्ग के सभागार में दुर्ग-भिलाई के कवियों, रंगकर्मियों एवं लोक कलाकारों द्वारा बसंतोत्सव का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कवियों और कलाकारों का सामूहिक संगम पहली बार देखने को मिला। एक ही मंच पर उपस्थित होकर सभी कलाकारों ने अपनी-अपनी विधाओं में कविता, गीत, ग़ज़ल एवं संगीत की प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दीं।

कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती की वंदना एवं पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर सुमित्रा कामड़िया शिशिर की ददरिया संग्रह कृति गांव मया के चलो बसाबो का विमोचन भी किया गया।




कार्यक्रम में अभिभाषक साहित्य संसद दुर्ग के अध्यक्ष आर.एस. यादव, जिला अधिवक्ता संघ की अध्यक्ष नीता जैन, दुर्ग-भिलाई अंचल के प्रसिद्ध कलाकार भानुजी राव, रवि दुबे, गोपाल शर्मा, नकुल महलवार, भारत भूषण परगनिहा, जय कसेर, डी.के. शर्मा, जयराम भगवानी, प्रकाश ताम्रकार, अर्जुन परमार, जागेश्वरी मढ़रिया, शिवनारायण कामड़िया, वरिष्ठ कवयित्री बीना सिंह, पुष्पलता साहू, कंचनबाला, उमा भारती साहू, कवि सुशील यादव, डॉ. नौशाद सिद्दीकी, हाजी गौहर, प्रशांत जोशी, ताराचंद मथुरिया, समीर त्रिपाठी, राजेश महाडिक, गुलाम नबी, सबा खान, तरन्नुम निशा, अलकरहा जी सहित अनेक साहित्यकारों एवं कलाकारों ने काव्य पाठ किया।

कार्यक्रम में मानस मर्मज्ञ अभयराज सिंह, गुलाब सिंह पटेल, ऋषिकांत तिवारी, रविशंकर मानिकपुरी, संघ के सचिव रविशंकर सिंह, अमित अग्ने, चंद्रिका देवांगन, शकील खान सहित सैकड़ों की संख्या में साहित्य-प्रेमी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का सफल संचालन प्रसिद्ध रंगकर्मी योगेश पाण्डेय द्वारा किया गया।





# पीएम स्व निधि के लाभार्थियों को क्रेडिट कार्ड का वितरण



**दल्लीराजहरा।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तिरुवंतपुरम केरल में 23 जनवरी 2026 को आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर आत्मनिर्भर निधि (पीएम स्वनिधि योजना) अंतर्गत वितरण के साथ क्रेडिट कार्ड योजना का शुभारंभ ऑनलाइन किया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी भूपेंद्र वारडेकर के आदेशानुसार एवं सिटी मिशन मैनेजर केतन नायक के मार्गदर्शन में पीएम स्व निधि के लाभार्थियों को नगर पालिका अध्यक्ष तोरण साहू एवं उपाध्यक्ष मनोज दुबे द्वारा हितग्राही जगमोहन साहू एवं रितु नेताम को क्रेडिट कार्ड एवं भारती कौशिक, डीलेश्वरी, ममता तारम को ऋण वितरण किया गयाद्य इस अवसर पर तोरण साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना छोटे व्यापारियों एवं रेहडी- पटरी वालों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कम हैद्य उपाध्यक्ष मनोज दुबे ने कहा कि सड़क के किनारे व्यवसाय करने वाले लोग अधिक से अधिक इस योजना से जुड़कर योजना का लाभ लेवे दल्ली पालिका द्वारा उन्हें निरंतर सहयोग कर लाभान्वित करने प्रयास किये जायेगे । कार्यक्रम में उपस्थित पात्र पीएम स्ट्रीट वेंडर को क्रेडिट कार्ड हेतु आवेदन भराया गया एवं विचाराधीन ऋण प्रकरणों पर ऋण वितरण हेतु बैंकों से समन्वय स्थापित कर पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाया गया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, भारतीय स्टेट बैंक के फील्ड ऑफिसर अनमोल श्रीवास्तव, राकेश घोड़ेश्वर, सामुदायिक संगठन उमेश्वरी नेताम, लक्ष्मी सिन्हा,नगर पालिका के अधिकारी कर्मचारी एवं पीएम स्ट्रीट वेंडर उपस्थित होकर कार्यक्रम में सहभागिता प्रदान की।

# भिलाई में राष्ट्रीयकृत बैंकों की तालाबंदीः 'फाइव डे वर्किंग' की मांग को लेकर कर्मचारी हड़ताल पर, चरमराई बैंकिंग सेवाएं

**भिलाई।** भिलाई में सभी राष्ट्रीयकृत बैंकों के अधिकारी और कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर चले गए हैं। 'फाइव डे वर्किंग' (सप्ताह में पांच दिन काम) की मांग को लेकर किए गए इस विरोध प्रदर्शन के कारण शहर की बैंकिंग सेवाएं पूरी तरह ठप हो गई हैं, जिससे आम जनता को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।




**रैली निकालकर बुलंद की आवाज-** हड़ताल के दौरान बैंक कर्मियों और अधिकारियों ने एकजुट होकर विशाल रैली निकाली। प्रदर्शनकारियों का तर्क है कि केंद्र और राज्य सरकार के सभी कार्यालयों सहित शेयर मार्केट में भी सप्ताह में केवल पांच दिन काम होता है, लेकिन बैंकों को इस व्यवस्था से अलग रखा गया है। उन्होंने कहा कि पांच दिनों के अत्यधिक कार्यभार (ङ्घश्चहद्म क्कह्द्दह्यह्वह्वह्द्द) के कारण वे मानसिक और शारीरिक रूप से थक जाते हैं, जिसका सीधा असर शनिवार की कार्यक्षमता पर पड़ता है।

**सरकार पर अनदेखी का आरोप-** बैंक कर्मियों का कहना है कि वे लंबे समय से अपनी मांगों को लेकर सरकार को अवगत करा रहे हैं, लेकिन हर बार उनकी बातों को अनसुना कर दिया गया। संयुक्त यूनियन ने इस संबंध में राष्ट्रीय स्तर के अधिकारियों से भी चर्चा की, किंतु कोई सकारात्मक परिणाम नहीं निकला। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि इस एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल से सरकार नहीं जागी, तो वे जल्द ही अनिश्चितकालीन लंबी हड़ताल पर चले जाएंगे।




**आम जनता बेहाल-** दो दिनों के अवकाश (शनिवार और रविवार) के बाद बैंक खुलने की उम्मीद थी, लेकिन हड़ताल के कारण बैंक बंद रहे। नेट बैंकिंग और डिजिटल माध्यमों के बावजूद, चेक क्लियरेंस, नगद लेन-देन और केवाईसी जैसे महत्वपूर्ण कार्यों के लिए बैंक पहुंचे लोगों को खाली हाथ लौटना पड़ा।

बैंक कर्मियों का कहना है कि आज के डिजिटल दौर में जब नेट बैंकिंग की सुविधा 24 घंटे उपलब्ध है, तो सप्ताह में दो दिन बैंक बंद रहने से कामकाज पर कोई बड़ा फ़र्क नहीं पड़ेगा, बल्कि इससे कर्मचारियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा।

# शोक में लोहारा नगर : नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा का निधन

**कवर्धा/लोहारा।** कबीरधाम जिले के लोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष संतोष मिश्रा का हृदयाघात से आकस्मिक निधन हो गया। उनके असमय निधन की खबर से पूरे नगर सहित जिले भर में शोक की लहर दौड़ गई है। बताया जा रहा है कि अचानक सीने में दर्द की शिकायत के बाद उनकी तबीयत बिगड़ी, जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों के तमाम प्रयासों के बावजूद उन्हें बचाया नहीं जा सका। संतोष मिश्रा एक मृदुभाषी, सरल और जनसमर्पित जनप्रतिनिधि के रूप में जाने जाते थे। नगर के विकास, स्वच्छता, नागरिक सुविधाओं और आमजन की समस्याओं को लेकर वे हमेशा सक्रिय रहते थे। उनके निधन से लोहारा नगर पंचायत ने एक संवेदनशील नेतृत्वकर्ता खो दिया है। ईश्वर दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को इस कठिन समय में संबल दे।



## संक्षिप्त समाचार

### जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर बना आमजनों के लिए भरोसे का माध्यम

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में जिला प्रशासन द्वारा आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित एवं प्रभावी समाधान किया जा रहा है। इसी कड़ी में रायपुर कलेक्टोरेट स्थित जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर आमजन के लिए एक भरोसेमंद माध्यम के रूप में उभरकर सामने आया है। रायपुर निवासी रीतिका नेताम ने बताया कि उन्होंने नया रायपुर स्थित एक निजी यूनिवर्सिटी में कॉलेज की पढ़ाई के लिए एडमिशन लिया था, लेकिन व्यक्तिगत कारणों से उन्हें एडमिशन निरस्त कराना पड़ा। इसके बावजूद यूनिवर्सिटी द्वारा एडमिशन फीस वापस नहीं की जा रही थी, जिससे वे परेशान थीं। समस्या से व्यथित होकर नेताम ने जिला जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलते ही संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई और शीघ्र ही उन्हें एडमिशन फीस वापस मिल गई। समस्या के समाधान से नेताम ने संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि कॉल सेंटर की पहल से उन्हें परेशानी से राहत मिली। समस्या के शीघ्र समाधान पर रीतिका नेताम ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया। उल्लेखनीय है कि आम नागरिकों की समस्याओं केसमाधान हेतु कलेक्टर डॉ गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा जनसमस्या निवारण कॉल सेंटर का संचालन किया जा रहा है।

### रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां से बच्चों के चेहरे में बिखर रही मुस्कान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशानुसार जिले में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना एवं न्योता भोज के अंतर्गत संचालित अभिनव पहल प्रोजेक्ट आओ बांटे खुशियां के माध्यम से शासकीय अधिकारी एवं कर्मचारी अपने जन्मदिवस को सामाजिक सरोकार से जोड़ते हुए नन्हें बच्चों के साथ खुशियां साझा कर रहे हैं। इसी क्रम में जल संसाधन विभाग डिवीजन-एक में पदस्थ फील्ड असिस्टेंट नीरज साहू ने अपने जन्मदिन के अवसर पर धरसीवां विकासखंड अंतर्गत अपने ग्राम कुरां स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों के साथ विशेष समय बिताया। इस अवसर पर श्री साहू ने बच्चों के साथ केक काटा तथा उन्हें फल एवं मिठाइयों का वितरण किया। बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर उत्साहित श्री साहू ने कहा कि यह उनके जीवन का एक यादगार अनुभव रहा। पहली बार बच्चों के साथ जन्मदिन मनाकर उन्हें आत्मिक संतोष मिला। उन्होंने इस प्रेरणादायी पहल के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर क्रांतिकारी बदलाव व सुधार लाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं - शताब्दी पाण्डेय

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश प्रवक्ता शताब्दी पाण्डेय ने कहा है कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को दुरुस्त कर उसमें क्रांतिकारी बदलाव व सुधार लाने की दिशा में सार्थक प्रयास किए जा रहे हैं। श्रीमती पाण्डेय ने प्रदेश सरकार द्वारा व्यावसायिक परीक्षा मण्डल के जरिए परीक्षा लेकर 5 हजार शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू किए जाने का स्वागत करते हुए कहा कि इससे प्रदेश के प्रतिभा सम्पन्न युवाओं के लिए सम्मानजनक रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, साथ ही शिक्षा व्यवस्था में भी सुधार होगा। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री ने राज्य में शिक्षकों की कमी को लेकर नए पदों पर भर्ती प्रक्रिया तत्काल शुरू करने के आदेश दिए हैं। प्रदेश सरकार अगले शिक्षा सत्र के पहले शिक्षकों की पोस्टिंग करने की तैयारियों में लगी है। श्रीमती पाण्डेय ने कहा कि राज्य में शिक्षकों के रिक्त पदों की दिक्कत से निपटने के लिए पिछले साल अप्रैल-मई में युक्तियुक्तकरण किया गया था। इसके चलते एक ही परिसर के स्कूलों को मर्ज भी किया गया और प्राथमिक व मिडिल स्कूलों की मॉनीटरिंग का जिम्मा हायर सेकेंडरी स्कूलों के प्राचार्य को सौंपा गया ताकि खाली पदों की कमी को दूर किया जा सके।

### 38 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब के साथ एक महिला सहित 02 आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के जांजगीर जिले के पुलिस ने अवैध शराब बेचने वालो के विरुद्ध अभियान चलाया है जिसमें उन्हें लगातार सफलता मिल रही हैं। इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक जांजगीर-चाम्पा विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिला पुलिस जांजगीर द्वारा अवैध शराब पर अंकुश लाने के लिए लगातार कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में *थाना अकलतरा पुलिस द्वारा आरोपी बृजमोहन केशकर उम्र 44 साल निवासी पचरी थाना अकलतरा के कब्जे से 30 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं थाना बलौदा पुलिस द्वारा महिला आरोपी अनीता बाई सोनझरी उम्र 45 साल निवासी कुदरी थाना जांजगीर के कब्जे से 08 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जुमला कीमती 7600/ ? बरामद कर आरोपियों के विरुद्ध अलग-अलग अपराध धारा आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया जाकर विधिवत् गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

---

मुख्यमंत्री ने बिलासपुर में फहराया तिरंगा

# लोकतंत्र और सुशासन के रास्ते विकसित छत्तीसगढ़ का निर्माण सरकार का संकल्प

रायपुर/ संवाददाता

लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की सर्वोच्चता और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प के साथ आज 77वां गणतंत्र दिवस पूरे प्रदेश में हर्षोल्लास, देशभक्ति और गौरवपूर्ण वातावरण में मनाया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने बिलासपुर के पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में राष्ट्रीय ध्वज फहराया और संयुक्त परेड की सलामी ली। उन्होंने शहीद सैनिकों एवं पुलिस जवानों के परिजनों को सम्मानित किया तथा छत्तीसगढ़ पुलिस बल को राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ का पदक देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने इस मौके पर प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भारत का संविधान हमारी लोकतांत्रिक आस्था, समानता और सामाजिक न्याय का मजबूत आधार है। छत्तीसगढ़ महतारी की सेवा, विकास और समृद्धि के लिए राज्य सरकार पूर्ण निष्ठा के साथ कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री श्री साय ने अपने गणतंत्र दिवस संदेश में राज्य की उपलब्धियों, जनकल्याणकारी योजनाओं, नक्सल उन्मूलन की दिशा में हुई प्रगति, किसानों-श्रमिकों-महिलाओं के सशक्तीकरण, शिक्षा-स्वास्थ्य-औद्योगिक विकास और सुशासन की विस्तार से जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि गणतंत्र दिवस केवल उत्सव का दिन नहीं, बल्कि राष्ट्र के लिए बलिदान देने वाले महापुरुषों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को स्मरण करने का दिन भी है। उन्होंने संविधान निर्माताओं, विशेषकर बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन करते हुए कहा कि संविधान सामाजिक समरसता, समान अधिकार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का प्रतीक है। उन्होंने बाबा गुरु घासीदास जी के मनखे-मनखे एक समान के संदेश को संविधान की आत्मा बताया और कहा कि भारतीय गणतंत्र ने ऐसा खुला समाज निर्मित किया है, जहां हर नागरिक राष्ट्र निर्माण में सहभागी बन सकता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ ने हाल ही में राज्य स्थापना की रजत जयंती मनाई है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी द्वारा गठित इस राज्य ने 25 वर्षों में विकास की सशक्त यात्रा तय की है। उन्होंने



बताया कि संविधान के मंदिर- छत्तीसगढ़ विधानसभा के नवनिर्मित भवन का लोकार्पण प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के करकमलों से संपन्न हुआ। धान की बालियों की डिजाइन और बस्तर-सरगुजा की लोककला से सुसज्जित यह भवन छत्तीसगढ़ी अस्मिता का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वर्ष राष्ट्रगीत वंदे मातरम् की 150वीं जयंती राज्यभर में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। सुकमा जिले के कोंटा से लेकर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के सीतामढ़ी हरचौका तक लोगों ने सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया। यह बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय को सच्ची श्रद्धांजलि है। मुख्यमंत्री ने धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती और जनजातीय गौरव दिवस के आयोजन का उल्लेख करते हुए कहा कि जनजातीय समाज ने स्वतंत्रता संग्राम में ऐतिहासिक योगदान दिया। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा लोकार्पित शहीद वीर नारायण सिंह जनजातीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी डिजिटल संग्रहालय देश का पहला डिजिटल संग्रहालय है, जो आज की पीढ़ी को जनजातीय नायकों के बलिदान से परिचित कराता है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि माओवादी हिंसा लोकतंत्र के लिए गंभीर चुनौती रही है, लेकिन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ ने निर्णायक रणनीति अपनाई है। उन्होंने बताया कि जवानों के अदम्य साहस और सतत अभियानों के परिणामस्वरूप माओवादी हिंसा अब अंतिम चरण में है और मार्च 2026 तक प्रदेश को नक्सलमुक्त करने का लक्ष्य पूर्ण होने जा रहा है। मुख्यमंत्री ने आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास, बस्तर कैफे जैसी पहलों और नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से प्रभावित क्षेत्रों में विकास कार्यों की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य बनने के बाद सबसे बड़ी चुनौती अन्नदाता की समृद्धि रही है। आज छत्तीसगढ़ के किसान को धान का देश में सर्वाधिक मूल्य मिल रहा है।

# सूने मकान में चोरी करने वाले दो चोर पकड़ाये.....

रायपुर। संवाददाता

जिले के तिल्दा नेवरा थानाक्षेत्र के ग्राम कोहका स्थित एक सूने मकान का ताला तोड़कर सोने चांदी के जेवतरा चोरी करने वाले 2 चोरों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी की सोने एवं चांदी के जेवरात तथा घटना में प्रयुक्त मोटर सायकल जप्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आशीष कुमार ध्रुव निवासी ग्राम कोहका तिल्दा नेवरा ने थाना तिल्दा नेवरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह दिनांक 09.01.2026 को अपने घर में ताला लगाकर अपनी पत्नि के साथ दोपहर में च्वाईस सेंटर गया हुआ था। वापस अपने घर आकर देखा तो कमरे में रखें अलमारी का लॉक टुटा हुआ था एवं समान बिखरा हुआ था अलमारी में रखा सोने एवं चांदी का जेवरात नहीं था। कोई अज्ञात चोर प्रार्थी के घर के बाउंड्रीवाल को कूद कर अंदर आकर कमरे में लगे कुंडी को खोलकर कमरा में रखे अलमारी का लॉक तोडकर उक्त मशरूका को चोरी कर ले गया था, कि प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना तिल्दा नेवरा में धारा 331(2), 305 बी.एन.एस. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना तिल्दा नवेरा पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण कर घटना के संबंध में प्रार्थी सहित आसपास के लोगों से विस्तृत पूछताछ कर अज्ञात आरोपी की पतासाजी करते हुये घटना स्थल तथा उसके आस-पास लगे सी.सी.टी.व्ही. कैमरों के फुटेजों का अवलोकन किया गया। प्रकरण में मुखबीर लगाने के साथ ही तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से भी अज्ञात आरोपी की पहचान सुनिश्चित करने के प्रयास किये जा रहे थे। इसी दौरान अज्ञात आरोपियों की गिरफ्तारी में लगी टीम के सदस्यों को घटना में संलिप्त आरोपियों के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त हुई जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा आरोपी शेखर टण्डन एवं सूरज जांगडे उर्फ भला को पकड़कर पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा चोरी की उक्त घटना को अंजाम देना स्वीकार किया गया।

### सूने मकान से नकदी सहित जेवर पार

**रायपुर।** ग्राम सरोरा उरला स्थित सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर ने नकदी सहित सोने-चांदी का जेवर पार कर दिए। प्रार्थिया की शिकायत पर उरला पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया पूजा भारती 27 वर्ष सरोरा की रहने वाली है। प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि अज्ञात चोर ने उसके सूने मकान का ताला तोड़कर आलमारी में रखे सोने-चांदी के जेवर सहित नकदी 3 हजार रुपए पार कर दिया। चोरी गए जुमला कीमती करीब 60 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। मामले में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया 77 वां गणतंत्र दिवस

# मंत्री लखनलाल देवांगन ने मुख्य समारोह में तिरंगा ध्वज फहराया..

रायपुर/ संवाददाता

कबीरधाम जिले में 77 वां गणतंत्र दिवस उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस मौके पर उन्होंने जनता उद्योग मंत्री श्री लखनलाल देवांगन ने जिला मुख्यालय कवर्धा के आचार्य पंथ श्री गृंध मुनि नाम साहेब शासकीय स्नात्कोत्तर महाविद्यालय मैदान में आयोजित मुख्य समारोह में तिरंगा ध्वज फहराया और संयुक्त परेड की सलामी ली। के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया तथा शांति और उमंग के प्रतीक रंगबिरंगे गुब्बारे आसमान में छोड़े। समारोह में वंदे मातरम रचना के 150 वर्ष पूर्ण होने पर राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का सामूहिक गायन किया गया।



शैक्षणिक संस्थानों के स्कूली बच्चों ने देश भक्ति, लोक गीतों और लोक परंपराओं पर शानदार प्रस्तुति दी। शासकीय योजनाओं पर आधारित झांकिया निकाली गई तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उद्योग मंत्री ने कबीरधाम जिले के शहीद जवान श्री नरेन्द्र शर्मा के भतीजे श्री ललित शर्मा, शहीद आरक्षक श्री चंद्र सिंह मेरावी की पुत्री कुमारी संगीता मेरावी को शॉल, श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया। संयुक्त परेड में विभिन्न टुकड़ियों ने देश भक्ति की धुन पर कतारबद्ध होकर सधे हुए कदमों में आकर्षक मार्च पास्ट किया। सशस्त्र प्लाटून जिला पुलिस बल, नगर सेना के जवानों ने हर्ष फायर किया। इस मौके पर शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों द्वारा देश भक्ति पूर्ण, सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुति दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों मे पहला स्थान कस्तुरबा गांधी आवासीय विद्यालय बोड़ला, दूसरा स्थान अनुसूचित जाति एवं जनजाति प्री मैट्रिक छात्रावास कवर्धा और तीसरा स्थान गुरुकुल पब्लिक स्कूल कवर्धा रहा।

# विधवा महिला से बलात्कार का प्रयास आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/ संवाददाता

शादी डाट काम से दोस्ती कर विधवा महिला से बलात्कार करने का प्रयास किया गया है। थाना पुरानी बस्ती की टीम ने पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी का नाम प्रशांत मंडल पिता प्रदीप मंडल उम्र 31 वर्ष निवासी मकान नंबर 215 कृष्णा नगर अलीपुर मोरना थाना हस्तिनापुर जिला मेरठ उत्तर प्रदेश,हाल पता कृष्णा कुंज कॉलोनी 121एफ़34 फेस 3 थाना सेक्टर 113 गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश है। विधवा महिला से बलात्कार करने का प्रयास किया गया है।महिला को शादी का आश्वासन देकर अपने आप को डॉक्टर बताकर छल पूर्वक धोखाधड़ी किया।ब्लैकमेलिंग कर फेटो वायरल करने की धमकी व जान से मारने की धमकी देकर 4,00,000 रुपए का उद्यापन किया था। मिली जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर 2025 को प्रार्थिया थाना उपस्थित आकर लिखित आवेदन पेश का रिपोर्ट दर्ज कराया कि प्रशांत मंडल पिता प्रदीप मंडल उम्र 34 वर्ष निवासी सोरखा टंकी वाला गेट प्रिंस मेडिकल स्टोर्स 11 सोरखा नोएडा उत्तर प्रदेश से ह्यद्धड्डस्त्रद्ब.ष्श्द्व के माध्यम से पहचान हुआ था जिसमें प्रशांत अपने आप को डॉक्टर बताकर प्राथिया का मोबाइल नंबर लेकर दोनों आपस में बात करने लगे आरोपी तुम्हारे परिवार से मिलकर शादी की बात करूंगा बोलकर दिनांक 07.06.25 को रायपुर आया और इन्हें फेन कर एक होटल में बुलाया यह दोनों थोड़ी देर बातचित करने बाद आरोपी प्रार्थिय से शारीरिक संबंध बनाने के नियत से जोर जबरदस्ती करने लगा जिसे प्रार्थिया धक्का देकर वहां से भाग गई कुछ देर बाद आरोपी फेन कर इनकी फेटो वायरल कर जान से मारने की धमकी देकर किस्त किस्त में कुल 4.00.000 रुपए ले लिया कि प्राथीया की रिपोर्ट पर आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन पर आरोपी के मोबाइल नंबर का कॉल डिटेल लोकेशन साइबर सेल रायपुर से प्राप्त कर टीम बनाकर नोएडा दिल्ली के लिए रवाना हुआ जहां आरोपी को पकड़कर थाना सेक्टर 113 में दिनांक 20.01.2026 को विधिवत् गिरफ्तार कर ट्रांजीट रिमांड लेकर रायपुर लाकर माननीय न्यायालय रायपुर में पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया।

### श्रम योगी मानधन एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक संपन्न

**रायपुर।** केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना एवं राष्ट्रीय पेंशन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर समीक्षा बैठक सीईओ, जिला पंचायत श्री कुमार बिश्वरंजन की अध्यक्षता में जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक में योजनाओं के लाभ, पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया एवं प्रचार-प्रसार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अधिकारियों, श्रम निरीक्षकों एवं ग्राम स्तरीय उद्यमियों को निर्देश दिए कि अधिक से अधिक असंगठित श्रमिकों एवं छोटे व्यापारियों का पंजीकरण सुनिश्चित किया जाए तथा ग्राम एवं नगरीय स्तर पर व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाए। उन्होंने सभी संबंधित विभागों से योजनाओं की सफलता के लिए सक्रिय सहयोग करने के निर्देश भी दिए। योजना के लाभ एवं पात्रता प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन पेंशन योजना के अंतर्गत असंगठित क्षेत्र के श्रमिक, जिनकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो तथा मासिक आय 15,000 रुपये या उससे कम हो, पात्र हैं। योजना के तहत 60 वर्ष की आयु के बाद 3,000 रुपये प्रतिमाह पेंशन तथा लाभार्थी की मृत्यु होने पर जीवनसाथी को 50 प्रतिशत पारिवारिक पेंशन का प्रावधान है। इसी प्रकार छोटे व्यापारियों के लिए योजना में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग तथा 1.5 करोड़ रुपये से कम वार्षिक कारोबार वाले व्यापारी पात्र हैं।

# वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी ने फहराया तिरंगा,परेड की ली सलामी



- गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्यमंत्री के संदेश का हुआ वाचन
- स्वतंत्रता सेनानियों, शहीदों के परिजन एवं उत्कृष्ट सेवाओं के लिए अधिकारी-कर्मचारी सम्मानित

रायपुर/ संवाददाता

जांजगीर-चांपा जिले में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित हाई स्कूल मैदान, जांजगीर में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वित्त, वाणिज्य कर, आवास एवं पर्यावरण योजना, आर्थिक एवं सांख्यिकी तथा जिले के प्रभारी मंत्री श्री ओ.पी. चौधरी ने राष्ट्रीय ध्वज फहराकर परेड की सलामी ली। इस अवसर पर हर्ष फायर के साथ शांति और उत्साह के प्रतीक गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। मुख्य अतिथि ने परेड का निरीक्षण किया तथा मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय द्वारा प्रदेश की जनता के नाम दिए गए संदेश का वाचन किया। श्री चौधरी ने स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों एवं शहीदों के परिजनों को शॉल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया। साथ ही उत्कृष्ट कार्य करने वाले विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। झांकी एवं परेड प्रतियोगिता में विजेता टीमों को शील्ड एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विधायक जांजगीर-चांपा श्री ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष श्री नारायण चंदेल, पूर्व सांसद श्री गुहाराम अजगले, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व संसदीय सचिव श्री अंबेश जांगड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष इंजीनियर सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका जांजगीर-नैला अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़ेवाल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्री गगन जयपुरिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा जिला पंचायत सदस्यगण, पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी, छात्र-छात्राएं एवं बड़ी संख्या में आम नागरिक कार्यक्रम में शामिल हुए। गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य अतिथि श्री ओ.पी. चौधरी ने जांजगीर-चांपा जिला मुख्यालय स्थित कचहरी चौक के शहीद स्मारक पहुंचकर श्रद्धासुमन अर्पित किए और वीर शहीदों को नमन किया। परेड सीनियर वर्ग में जिला पुलिस बल ने प्रथम, जिला महिला पुलिस बल ने द्वितीय तथा 11वीं बटालियन सीएएफ भारत रक्षित ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

77वें गणतंत्र दिवस पर सीएसईबी ग्राउंड बना उल्लास और गौरव का साक्षी

# जिला स्तरीय समारोह में राजस्व मंत्री टंक राम वर्मा ने किया ध्वजारोहण,शहीदों के परिजन सम्मानित.....

- आकर्षक मार्च पास्ट, रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और झांकियों ने बढ़ाई कार्यक्रम की गरिमा

रायपुर/ संवाददाता



कोरबा जिला मुख्यालय स्थित सीएसईबी फुटबॉल ग्राउंड में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में मनाया गया। जिला स्तरीय मुख्य समारोह में प्रदेश के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन, पुनर्वास तथा उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंक राम वर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली और प्रदेश के मुख्यमंत्री का छत्तीसगढ़ वासियों के नाम संदेश का वाचन किया। इस अवसर पर राष्ट्रगान के साथ राष्ट्रीय गीत का सस्वर गायन किया गया। अनेकता में एकता के प्रतीक स्वरूप आकाश में गुब्बारे छोड़े गए। गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर जिले के शहीदों के परिजनों को शॉल और श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनकी वीरता और बलिदान के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की गई। मुख्य कार्यक्रम में परेड कमांडर सुबेदार अनंत राम पैंकरा के नेतृत्व में आकर्षक मार्च पास्ट हुआ। इसमें केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल, जिला पुलिस बल (पुरुष एवं महिला), नगर सेना, वन रक्षक, एनसीसी सीनियर डिवीजन, स्काउट एवं गाइड दलों ने भाग लिया। हर्ष फायर के साथ पुलिस बैंड द्वारा राष्ट्रगान की धुन प्रस्तुत की गई। मार्च पास्ट के प्रोफेशनल वर्ग में जिला पुलिस बल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, वहीं वन रक्षक बल द्वितीय और जिला पुलिस बल महिला तृतीय स्थान पर रही। नॉन प्रोफेशनल वर्ग में एनसीसी सीनियर डिवीजन बालक प्रथम, गाइड दल सीनियर द्वितीय और एनसीसी सीनियर डिवीजन बालिका तृतीय स्थान पर रही। समारोह में स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। इन प्रस्तुतियों में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोरबा को प्रथम पुरस्कार, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय को द्वितीय, डीडीएम पब्लिक स्कूल को तृतीय तथा न्यू एरा प्रोग्रेसिव स्कूल और जैन पब्लिक स्कूल गोढ़ी को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया।

## संपादकीय

# स्वच्छ ईंधन की चेतावनी, निवेश नहीं बढ़ा तो जलवायु संकट और गहराएगा

जीवाश्म ईंधन के अंधाधुंध इस्तेमाल से बढ़ते जलवायु संकट के बीच पूरी दुनिया में स्वच्छ ईंधन की जरूरत महसूस की जाने लगी है। मगर इस दिशा में प्रयास बहुत कम हो रहे हैं। स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा को लेकर योजनाएं तो बन रही हैं, लेकिन उनके क्रियान्वयन की गति बेहद धीमी है, जबकि जीवाश्म ईंधन पर अब भी ज्यादा जोर दिया जा रहा है। इससे स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन को लेकर वैश्विक स्तर पर चिंता तो है, लेकिन इससे निपटने के उपायों पर गंभीरता से काम नहीं हो पा रहा है। विश्व आर्थिक मंच की ओर से हाल में जारी एक रपट में भी इसका उल्लेख किया गया है। इसमें कहा गया है कि स्वच्छ ईंधन से जुड़े लक्ष्यों को हासिल करने के लिए वर्ष 2030 तक निवेश को चार गुना बढ़ा कर सालाना सौ अरब डालर करने की आवश्यकता है। जाहिर है कि अगर इस तरह की चेतावनियों और सुझावों को गंभीरता से नहीं लिया गया, तो भविष्य में इसके भयावह परिणाम सामने आ सकते हैं। गौरतलब है कि दुनिया भर में इस समय स्वच्छ ईंधन पर सालाना करीब पच्चीस अरब डालर ही निवेश हो रहा है। दरअसल, स्वच्छ ईंधन को लेकर दावे तो बहुत किए जाते हैं, लेकिन इससे संबंधित योजनाओं की लागत अधिक होने से कई देश पीछे हट जाते हैं। वहीं सबसे अधिक कार्बन उत्सर्जन कर रहे विकसित देश खुद इसमें कटौती करने के बजाय छोटे और विकासशील देश पर नाहक दबाव बनाते रहे हैं। ऐसे में स्वच्छ ईंधन को साझा प्रयासों से प्रोत्साहित करने का वैश्विक लक्ष्य कहीं पीछे छूट जाता है। इसमें दोराय नहीं कि जलवायु संकट से निपटने की दिशा में स्वच्छ ईंधन अहम भूमिका निभा सकता है। इसके इस्तेमाल से उद्योगों और परिवहन क्षेत्र में बढ़ते उत्सर्जन को धीरे-धीरे कम किया जा सकता है। लिहाजा स्वच्छ ईंधन के इस्तेमाल के लक्ष्य को जमीन पर उतारने के लिए न केवल भरोसेमंद और निवेश-योग्य परियोजनाएं बनानी होंगी, बल्कि उन्हें सख्ती से लागू भी करना होगा। जीवाश्म ईंधन के निरंतर इस्तेमाल से पूरी दुनिया में वायु प्रदूषण की समस्या भी गंभीर होती जा रही है। इस संकट से बचने के लिए स्वच्छ ईंधन और नवीकरणीय ऊर्जा ही बेहतर विकल्प है।

**वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के 7.4 प्रतिशत के अनुमान को उत्साहवर्धक माना जाना चाहिए क्योंकि यह वृद्धि दर ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद रहने वाली है। दिनांक 1 फरवरी 2026 को वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए केंद्र सरकार द्वारा भारतीय संसद में प्रस्तुत किए जाने वाले बजट के पूर्व वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के आर्थिक विकास से सबंधित प्रथम अग्रिम अनुमान के आंकड़े 7 जनवरी 2026 को जारी किए गए है। इस अनुमान के अनुसार वित्तीय वर्ष 2024-25 में सकल घरेलू उत्पाद में 6.5 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल हुई थी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 7.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है। सकल घरेलू उत्पाद से सम्बंधित प्रथम अग्रिम अनुमान के आंकड़ों के आधार पर ही वर्ष 2026-27 के बजट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। आर्थिक विकास से सम्बंधित द्वितीय अग्रिम अनुमान 27 फरवरी 2026 को जारी किए जाने हैं।**

# टैरिफ के बावजूद वर्ष 2026 में भारत की आर्थिक विकास दर छू सकती है नई ऊचाइयां

(प्रह्लाद सबनानी )

भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वित्तीय वर्ष 2024-25 में हासिल की गई 6.5 प्रतिशत की वृद्धि से आगे बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 7.4 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करने के कुछ मुख्य कारणों में शामिल हैं - (1) केंद्र सरकार के स्थिर उपभोग खर्च (Govt Fi&ed Consumption E&penditure) में वृद्धि दर जो वित्तीय वर्ष 2024-25 में 2.3 प्रतिशत की रही थी, वह बढ़कर वित्तीय वर्ष 2025-26 में 5.2 प्रतिशत रहने की सम्भावना है; (2) विनिर्माण के क्षेत्र में वृद्धि दर वित्तीय वर्ष 2024-25 में 4.5 प्रतिशत की रही थी जो वित्तीय वर्ष 2025-26 में बढ़कर 7.0 प्रतिशत रहने की सम्भावना है; (3) सकल मान योग (Gross Value Addition) में वृद्धि दर का 6.4 प्रतिशत से बढ़कर 7.3 प्रतिशत रहने का अनुमान है; (4) सकल स्थिर पूंजी निर्माण (Gross Fi&ed Capital Formation) में वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत से बढ़कर 7.8 प्रतिशत रहने की सम्भावना व्यक्त की गई है; (5) सेवा एवं कृषि क्षेत्र में क्रमशः 9.1 प्रतिशत एवं 3.1 प्रतिशत की सम्भावना व्यक्त की गई है; (6) भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में वृद्धि दर का 6.3 प्रतिशत से बढ़कर 6.4 प्रतिशत रहने की सम्भावना होना भी शामिल है। अप्रेल 2025 से नवम्बर 2025 के खंडकाल में राजकोषीय घाटा 9.8 लाख करोड़ का रहा है जो वित्तीय वर्ष 2025-26 के कुल अनुमान का 62.3 प्रतिशत है, अतः बजटीय घाटा भी अभी तक नियंत्रण में ही रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में राजकोषीय घाटा 15.69 लाख करोड़ रहने का अनुमान लगाया गया था, जो सकल घरेलू उत्पाद का 4.4 प्रतिशत होगा। इस प्रकार केंद्र सरकार की आय एवं व्यय से सबंधित स्थिति भी पूर्णतः नियंत्रण में है।

वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर के 7.4 प्रतिशत के अनुमान को उत्साहवर्धक माना जाना चाहिए क्योंकि यह वृद्धि दर ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न वस्तुओं के निर्यात पर लगाए गए



50 प्रतिशत टैरिफ के बावजूद रहने वाली है। दरअसल ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ को वित्तीय बाजार में बहुत गम्भीरता से लिया जाकर इसके भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभाव को बहुत बढ़ा चढ़ाकर पेश किया गया है। परंतु, वास्तव में भारत के आर्थिक विकास दर पर इसका प्रभाव लगभग नहीं के बराबर रहा है। इसके पीछे मुख्य कारण अमेरिका को भारत से होने वाले निर्यात की कम मात्रा भी है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत से अमेरिका को 7,900 करोड़ अमेरिकी डॉलर के विभिन्न वस्तुओं के निर्यात हुए थे, जबकि भारत का सकल घरेलू उत्पाद 4.29 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा था। अतः भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात भारत के सकल घरेलू उत्पाद का मात्र 1.85 प्रतिशत ही रहे हैं। वैसे भी भारत की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है ही नहीं (चीन की अर्थव्यवस्था निर्यात आधारित है, इसीलिए चीन पर अमेरिकी टैरिफ का प्रभाव अधिक हो सकता है), भारतीय अर्थव्यवस्था मुख्यतः आंतरिक उपभोग पर आधारित है। यदि भारत के नागरिक स्वदेशी उत्पादों का अधिक से अधिक सेवन करते हैं तो ट्रम्प द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए टैरिफ के भारतीय अर्थव्यवस्था पर होने वाले प्रभाव को शून्य भी किया जा सकता है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा भी भारतीय समाज को लगातार प्रेरणा दी जा रही है कि वे भारत में निर्मित उत्पादों का ही उपयोग करें ताकि भारत को प्रत्येक क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाया जा सके। संघ ने पंच परिवर्तन नामक एक कार्यक्रम को प्रारम्भ किया है, जिसमें पांच बिंदु शामिल किए गए हैं - स्वदेशी का उपयोग, नागरिक कर्तव्य, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन। भारत में समस्त नागरिकों का यह कर्तव्य है कि वे सनातन हिंदू संस्कृति के संस्कारों का अनुपालन सुनिश्चित करें। इन संस्कारों में भारत के नागरिकों में 'देश प्रथम' के भाव का जागरण भी शामिल है। लोकतंत्र की सफलता और स्थिरता नागरिकों की भागीदारी और कर्तव्यों के प्रति सजगता पर निर्भर करती हैं। जब नागरिक अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशील होते हैं और उनका ईमानदारी से पालन करते हैं तो समाज में सकारात्मक बदलाव आते हैं और देश की प्रगति होती हैं। समाज की प्रगति, सुरक्षा और समृद्धि के लिए नागरिकों की अपने कर्तव्यों के प्रति संवेदनशीलता तथा कटिबद्धता आवश्यक है। करों का समय पर और सही राशि का भुगतान करना नागरिकों का कर्तव्य है। देश की आर्थिक प्रगति के लिए करों का उचित प्रबंधन आवश्यक है। प्रत्येक नागरिक का यह भी कर्तव्य है कि वह समाज की भलाई के लिए स्वच्छता अभियान, पर्यावरण संरक्षण और सामुदायिक विकास जैसी सामाजिक सेवाओं में भाग लें। किसी भी देश के नागरिक यदि स्वदेशी उत्पादों को अपनाना प्रारम्भ करते हैं तो इससे देश में उद्योगों को बढ़ावा मिलता है, अन्य देशों में उत्पादित वस्तुओं का आयात कम होता है और देश में ही रोजगार के नए अवसर निर्मित होते हैं। स्वदेशी का मतलब विदेशी सामान इस्तेमाल नहीं करना है परंतु यह कार्य इतना आसान नहीं है क्योंकि आज विश्व के समस्त देश एक वैश्विक गांव में परिवर्तित हो गए हैं, जिसके चलते उत्पादों का एक देश से दूसरे देश में आयात एवं निर्यात बहुत आसान बन पड़ा है। आचार्य श्री विनोबा भावे जी कहते हैं स्वदेशी का अर्थ है आत्मनिर्भरता और अहिंसा। संघ ने इसमें एक बिंदु जोड़ दियाः आत्मनिर्भरता, अहिंसा और सादगी। प्रत्येक भारतीय नागरिक से अपेक्षा की जाती है कि वह मितव्ययिता से जिए ताकि संसाधनों के दुरुपयोग को रोका जा सके। परंतु, इसका आश्य कंजूसी करना कदापि नहीं है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ जैसे सामाजिक संगठनों के साथ ही केंद्र सरकार ने भी आर्थिक क्षेत्र में कई प्रयास किए हैं जिसके चलते हाल ही के समय में भारत की आर्थिक विकास दर में वृद्धि दर में लगातार सुधार दिखाई दिया है। विशेष रूप से ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत से अमेरिका को होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत के टैरिफ के प्रभाव को लगभग शून्य करने के उद्देश्य से भारत ने विभिन्न देशों के साथ द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौते सम्पन्न किए हैं, इनमे विशेष रूप से शामिल हैं यूनाइटेड किंगडम, ओमान, आस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड, आदि। सम्भवत 27 जनवरी 2026 को इस मुक्त व्यापार समझौते पर यूरोपीयन यूनियन एवं भारत द्वारा हस्ताक्षर किए जाएंगे। साथ ही, अमेरिका द्वारा भारतीय उत्पादों के आयात पर लगाए गए 50 प्रतिशत के टैरिफ से प्रभावित होने वाले उत्पादों के लिए भारत ने अन्य देशों के रूप में बाजार तलाश लिए हैं एवं इन देशों को विभिन्न उत्पादों का निर्यात प्रारम्भ हो चुका है जिससे नवम्बर 2025 एवं दिसम्बर 2025 माह में भारत से विभिन्न उत्पादों के निर्यात में वृद्धि दर हासिल की जा सकी है। वैसे, भारत और अमेरिका के बीच भी मुक्त व्यापार समझौते को लगभग अंतिम रूप दिया जा चुका है एवं शीघ्र ही इसकी घोषणा की जा सकती है। इसके बाद तो भारतीय उत्पादों के अमेरिका को होने वाले निर्यात पर लगाए गए 50 प्रतिशत को भी कम अथवा समाप्त किया जा सकता है, इससे अन्य देशों के साथ साथ अमेरिका को भी भारत से होने वाले विभिन्न उत्पादों के निर्यात में और अधिक वृद्धि हासिल की जा सकेगी। (लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक्है)

# मछलियां काट खा रही हैं तो आने वाला है बड़ा तूफान! ऐसा क्यों बता रहे हैं एक्सपर्ट

(दिनेश मिश्र)

ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स में 48 घंटों के भीतर चार लोगों पर शार्क ने हमला किया है, जिनमें से तीन घटनाएं सिडनी के समुद्र तटों पर हुईं। शार्क के



काटने की कोई भी घटना भयावह होती है और सिडनी के तैराकों को पानी से दूर रहने की चेतावनी दी गई है। इसके पीछे की पूरी जानकारी क्या है और इतने कम समय में इतनी अधिक घटनाएं क्यों हुई हैं? एक्सपर्ट से समझते हैं।

**लोगों को काट रहीं शार्क, ज्यादा हो रहीं ऐसी घटनाएंः** द गार्जियन की एक खबर के अनुसार, न्यू साउथ वेल्स में शार्क के काटने की कई घटनाएं सामने आई हैं। रविवार दोपहर को सिडनी के पूर्वी हिस्से में नीलसन पार्क के पास अपने दोस्तों के साथ चट्टानों से कूदते समय एक 12 वर्षीय लड़के को शार्क ने काट लिया। लड़का मंगलवार को भी अस्पताल में भर्ती रहा। सोमवार सुबह एक शार्क ने 11 वर्षीय लड़के के सर्फ़बोर्ड का एक टुकड़ा काट लिया। उसी शाम नॉर्थ स्टेइन में, एक पुरुष सर्फर को शार्क ने काट लिया और उसकी चोटें इतनी गंभीर थीं कि उसका जीवन बदल गया। राज्य के मध्य-उत्तरी तट पर, एक सर्फर शार्क के काटने से बाल-बाल बच गया।

शार्क के काटने की घटनाओं के चलते सिडनी के सभी उत्तरी समुद्र तट बंद कर दिए गए और अधिकारियों ने लोगों से पानी से दूर रहने का आग्रह किया। न्यू साउथ वेल्स के प्राथमिक उद्योग और क्षेत्रीय विकास विभाग में मत्स्य वैज्ञानिक और शार्क विशेषज्ञ डॉ. एमी स्मूथी ने काटने की घटनाओं की तस्वीरों का विश्लेषण किया है। उन्होंने कहा कि इन सभी घटनाओं के लिए बुल शार्क जिम्मेदार हैं, क्योंकि उनके ऊपरी जबड़े में विशिष्ट चौड़े और एक दूसरे पर चढ़े हुए त्रिकोणीय काटने वाले दांत होते हैं और निचले जबड़े में पतले दांत होते हैं।

**बुल शार्क क्या हैं और क्या ये काटते हैं?:** ऑस्ट्रेलियाई शार्क घटना डेटाबेस के अनुसार, 19वीं शताब्दी की शुरुआत से रिकॉर्ड शुरू होने के बाद से बुल शार्क के काटने की 212 घटनाएं दर्ज की गईं। इनमें से एक चौथाई बेहद गंभीर हालत है। टाइगर शार्क और वोबेगोंग शार्क लगभग समान संख्या में घटनाओं के लिए जिम्मेदार हैं, जबकि ग्रेट व्हाइट शार्क का उल्लेख 382 घटनाओं में किया गया है। स्मूथी ने बताया कि बुल शार्क 50 साल तक जीवित रह सकती हैं और 19 डिग्री सेल्सियस से अधिक तापमान वाले पानी को पसंद करती हैं। वे आमतौर पर अक्टूबर में सिडनी पहुंचती हैं और जनवरी-फरवरी में उनकी संख्या चरम पर पहुंच जाती है। इसके बाद वे अप्रैल या मई के आसपास क्वींसलैंड के गर्म पानी की ओर 1,700 किलोमीटर की उत्तर दिशा की यात्रा पर निकल जाती हैं। स्मूथी ने कहा-इस बात का कोई सबूत नहीं है कि बुल शार्क किसी अन्य शार्क की तुलना में अधिक आक्रामक होती हैं। लेकिन उनकी यही क्षमता हमें उनके खतरे में डालती है।

शार्क पानी में दबाव में बदलाव और अन्य मछलियों द्वारा निकाली गई सूक्ष्म विद्युत धाराओं के माध्यम से हलचल का पता लगा सकती हैं। इस क्षमता को इलेक्ट्रोसेप्शन कहा जाता है। उनका ज्यादा काटना किसी तूफान की आहट है। बॉन्ड विश्वविद्यालय के शार्क बाइट के विशेषज्ञ डॉ. डैरिल मैकफी ने कहा कि इसलिए कम दृश्यता बुल शार्क के लिए कोई समस्या नहीं है। वे ऐसे धुंधले पानी में भोजन करने के लिए अच्छी तरह से अनुकूलित हैं। मैक्रेरी विश्वविद्यालय में शार्क पारिस्थितिकी और व्यवहार के विशेषज्ञ और सेवानिवृत्त प्रोफेसर रॉब हारकोर्ट ने कहा कि बारिश ने इन त्रासदियों के घटित होने के लिए एक बिल्कुल अनुकूल परिस्थिति बना दी। उन्होंने कहा-बुल शार्क के लिए, काटने की संभावना ताजे पानी के प्रवाह से सीधे जुड़ी होती है। अगर हम उनकी पारिस्थितिकी को समझते हैं तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं है। छोटे बुल शार्क अपने शुरुआती कुछ साल मुहानों में बिताते हैं, फिर वे समुद्र में चले जाते हैं। इसका मतलब है कि वे ताजे पानी और कम खारे पानी को सहन कर सकते हैं। ये पानी में किसी भी हलचल के बारे में बता देते हैं।

# जल्द ही शुरू होगा भाजपा के नये अध्यक्ष का इम्तिहान

कृष्णमोहन झा

बिहार के पांच बार के विधायक नवीन नितिन विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल भारतीय जनता पार्टी के 12 वें अध्यक्ष बन गए हैं। 45 वर्षीय नवीन नितिन ने पार्टी के अब तक के इतिहास में सबसे कम आयु में यह गौरव अर्जित किया है। लगभग एक माह पूर्व जब उन्हें पार्टी का कार्यकारी अध्यक्ष मनोनीत किया गया था तभी यह सुनिश्चित हो चुका था कि वे जल्द ही भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर जे पी नड्डा के उत्तराधिकारी बनने जा रहे हैं और यह भी तय माना जा रहा था कि पार्टी में अब तक चली आ रही परिपाटी के अनुसार अध्यक्ष पद पर उनका निर्वाचन निर्विरोध होगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पार्टी के निवर्तमान अध्यक्ष जे पी नड्डा और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह उनके प्रस्तावकों में प्रमुख थे। लगभग 18 करोड़ सदस्य संख्या वाले? विशाल राजनीतिक दल के अध्यक्ष का निर्विरोध निर्वाचन निश्चित रूप से दल की महान परंपरा का परिचायक है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नितिन नबीन को इन शब्दों में बधाई देना कि ÷ पार्टी से जुड़े मामलों में आज से नितिन नबीन मेरे बास हैं। अब वे मेरी %सी आर % लिखेंगे ÷ इस बात का परिचायक है कि वे संगठन को सत्ता से ऊपर मानते हैं और पार्टी अध्यक्ष के प्रति उनके मन में गहरा सम्मान है। अध्यक्ष पद के लिए अनेक वरिष्ठ नेताओं को छोड़कर 45 वर्षीय नबीन नितिन के चयन ने संभवतः अनेक राजनीतिक पंडितों को आश्चर्यचकित किया होगा क्योंकि पार्टी के हाईप्रोफाइल नेताओं की कतार में उनका नाम पहले कभी नहीं सुना गया । भाजपा अध्यक्ष पद की कुर्सी संभालने के बाद उन्होंने स्वयं कहा कि साधारण कार्यकर्ता को असाधारण सम्मान मिला है। ऐसा प्रतीत होता है कि नबीन नितिन की विलक्षण नेतृत्व क्षमता और राजनीतिक सूझबूझ सहित शीर्ष पद के लिए उनके चयन का आधार बनी है । उनकी यह विलक्षण नेतृत्व क्षमता और राजनीतिक सूझबूझ निकट भविष्य में होने जा रहे पश्चिम बंगाल और असम विधानसभाओं के चुनावों में पार्टी की संभावनाओं को बलवती बनाएगी । इसमें भी दो राय नहीं हो सकती कि संगठन के प्रति उनके समर्पण और सबको साथ लेकर चलने की उनकी कार्यशैली ने उन्हें पार्टी के शीर्षस्थ नेताओं का विश्वासपात्र बनाया है।



विश्व के सबसे बड़े राजनीतिक दल ने अगर अध्यक्ष पद की बागडोर 45 वर्षीय नवीन नितिन को सौंपने का फैसला किया है तो उसे पार्टी में पीढ़ीगत बदलाव की शुरुआत का संकेत भी माना जाना चाहिए। गौरतलब है कि विगत दिनों पार्टी के एक भूतपूर्व अध्यक्ष और वर्तमान में मोदी सरकार के वरिष्ठ सदस्य नितिन गडकरी ने भी पार्टी में नयी पीढ़ी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाने के पक्ष में अपनी राय व्यक्त की थी।

पार्टी संविधान के अनुसार नवीन नितिन अगले तीन सालों के लिए अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं और अगले कुछ महीनों के अंदर ही उनके नेतृत्व कौशल , चुनावी रणनीतिक सूझबूझ का इम्तिहान शुरू होने जा रहा है। एक ओर जहां उन्हें असम विधानसभा चुनाव में पार्टी की लगातार तीसरी बार विजय? सुनिश्चित करना है वहीं पश्चिम बंगाल में पार्टी को सत्ता की दहलीज तक पहुंचाने की चुनौती भी उनके सामने है।

असम में तो भाजपा पिछले दो विधानसभा चुनावों में बहुमत हासिल कर सत्ता की बागडोर थामे हुए है लेकिन पश्चिम बंगाल में उसकी ताकत बढ़ने के बावजूद उसे सत्ता की दहलीज तक पहुंचने का सौभाग्य नहीं मिल पाया है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी वहां पिछले पंद्रह सालों से सत्तारूढ तृणमूल कांग्रेस का सबसे बड़ा चेहरा बनीं हुई हैं। हालांकि पार्टी के अनेक वरिष्ठ नेताओं पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों एवं महिलाओं पर अत्याचार की घटनाओं में वृद्धि आदि के कारण दीदी की लोकप्रियता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। एस आई आर के कारण उनका अल्पसंख्यक वोट बैंक भी बिखर चुका है।भाजपा के न ए अध्यक्ष नवीन नितिन से यह उम्मीद की जा रही कि वे अपनी रणनीतिक सूझबूझ और नेतृत्व कौशल से राज्य में बढ़ते जन असंतोष को अपनी पार्टी के प्रति समर्थन में तब्दील करने में कामयाब हो जाएंगे। अगर यह उम्मीद परवान चढ़ती है तो वे इतिहास रचने में सफल होंगे। इसी साल होने वाले तमिलनाडु,केरल और पुडुचेरी की विधानसभाओं के चुनावों को भी उन्हें चुनौती के रूप में स्वीकार करना होगा। तमिलनाडु में द्रमुक और कांग्रेस का गठबंधन सत्ता में है। केरल में वाममोर्चे की सरकार है। केरल के तिरुवनंतपुरम में भाजपा को पहली बार अपना मेयर बनवाने में सफल होकर उत्साह से भरी हुई है। भाजपा केरल में कांग्रेस और वाममोर्चे के बाद तीसरी ताकत बनने की तैयारी कर रही है और तमिलनाडु में अन्ना द्रमुक तथा अन्य क्षेत्रीय दलों के साथ तालमेल कर कांग्रेस और द्रमुक के गठबंधन को कड़ी चुनौती पेश कर रही है । पुडुचेरी में इसी तरह की स्थितियां हैं। उत्तर प्रदेश विधानसभा के आगामी चुनाव भी भाजपा के नये अध्यक्ष के ही कार्य काल में संपन्न होंगे। उत्तर प्रदेश में भाजपा को अपनी खोई हुई प्रतिष्ठा अर्जित करना है। इन सबके अलावा नवीन नितिन के कंधों पर यह जिम्मेदारी भी है कि उन्हें एनडीए के सभी घटक दलों के बीच तालमेल बना कर रखना है।नवीन नितिन युवा हैं, उत्साह से लबरेज हैं और पार्टी के वरिष्ठ नेताओं का आशीर्वाद उनके साथ है इसलिए उनसे यह उम्मीद की जा सकती है कि वे पार्टी अध्यक्ष के रूप में अपनी अलग लकीर खींचने में कामयाब होंगे।

## नारायणपुर में उमड़ा आस्था का जनसैलाब

# देवी-देवताओं के महाकुंभ माता पहुंचानी सम्मेलन का भव्य आयोजन






**नारायणपुर।** नारायणपुर जिले की आदिम संस्कृति का जीवंत उदाहरण 'माता पहुचानि एवं देवी-देवता सम्मेलन' आज स्थानीय माता मंदिर परिसर कुम्हार पारा में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस पारंपरिक सम्मेलन में जिले के कोने-कोने से सैकड़ों की संख्या में देवी-देवता, लाठ, बैरंग और आंगा देव अपने पुजारियों व गायताओं के साथ शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह माता दंतेश्वरी और स्थानीय ईष्ट देवों की विशेष पूजा-अर्चना के साथ हुई। ढोल, नगाड़े और मोहरी की गूंज के बीच जब विभिन्न गांवों के देवी-देवताओं का मिलन हुआ तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस तरह के सम्मेलनों से आने वाली पीढ़ी को अपनी संस्कृति और जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है। हमारी संस्कृति ही हमारी पहचान है।माता पहुंचनी के आशीर्वाद से आज पूरा क्षेत्र एक सूत्र में बंधा नजर आया। इस सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र की सुख-समृद्ध की कामना करना और प्राचीन परंपराओं को अगली पीढ़ी तक पहुँचाना है समिति के पदाधिकारियो ने भी अपनी जिम्मेदारियो का बखूबी निर्वहन किया। इस अवसर पर मातपुजारी रोशन पुजारी, मतमावली पुजारी किशन बेलसरिया, देवसमिति के अध्यक्ष हिरासिंग देहरी, उपाध्यक्ष अर्जुन देवांगन, सदस्य अनुराग पाण्डेय सहित शशांक देवांगन, अमित, अविनाश बघेल, सुमित पटेल, हेमंत परिहार, केदार बघेल, रूपेश नाग, घनश्याम पात्र, सुधीर पटेल, खत्तू पटेल, नंदकिशोर नाग के अलावा बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे।

# नारायणपुर में बंसत पंचमी की धूम



**नारायणपुर।** शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला बंगलापारा नारायणपुर में बंसत पंचमी के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ बीना खोबरागड़े ने बताया कि आयुर्वेद में बंसत ऋतु एक महत्वपूर्ण मौसमी परिवर्तन का प्रतीक है जो नवजीवन और विकास का संकेत देती है। इस दौरान स्वाभाविक रूप से कफ दोष बढ़ता है। मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य बनाए रखने के लिए आयुर्वेद खान-पान और जीवनशैली में ऋतु अनुसार आवश्यक बदलाव करना आवश्यक है। प्रधान अध्यापक ब्रजेश्वरी रावटे ने भी छात्र/छात्राओं को बंसत पंचमी के बारे में विस्तार से बताया कि बंसत ऋतु और आयुर्वेद का गहरा संबंध है।इस ऋतु में मौसम सुहावना हो जाता है और चारों ओर हरियाली छा जाती है। पेड़ पौधे नए पत्ते और फूलों से सज जाते हैं। जिससे वातावरण में खुशबू फैल जाती है। चारों तरफ वातावरण बदल जाता है। बंसत ऋतु को नई शुरुआत और उत्साह का प्रतीक माना जाता है। विजय लक्ष्मी गुर्जर ने बच्चों को सरस्वती पूजन एवं बौद्धिक क्षमता को कैसे बढ़ाना है। और पढ़ाई पर ध्यान केंद्रित करना है विस्तार से जानकारी दी।चेतमणी नंदी, लक्ष्मी यादव, अंजलि ने सभी बच्चों एवं पालकों के लिए खिचड़ी एवं सब्जी बना कर खिलाया। आयुष विभाग नारायणपुर द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन आयुर्विधा कार्यक्रम बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम रखा। जिसमें क्विज प्रतियोगिता में प्रथम भूमिका कचलाम, द्वितीय सोनल निषाद, तृतीय कमला कावड़े ने स्थान बनाया। औषधि पौधों की पहचान में आसवती, संजना, कल्पना ने अपना स्थान बनाया। इस अवसर पर संकुल समन्वयक चन्द्र शेखर पाठक, संगीता ठाकुर, लखेश्वरी यादव,अमरवती यादव एवं पालकगण उपस्थित थे।

# इंटरनेट की इस दुनिया में प्रिंट और साहित्य का महत्व हमेशा रहेगा : राज्यपाल डेका



**रायपुर।** राज्यपाल रमेन डेका ने कहा है कि इंटरनेट से भरी इस दुनिया और न्यू जनरेशन वाले इस दौर में भी प्रिंट और साहित्य का महत्व हमेशा बना रहेगा। राज्यपाल डेका ने आज नवा रायपुर के पुरखौती मुक्तांगन परिसर में तीन दिवसीय रायपुर साहित्य उत्सव 'आदि से अनादि' के समापन समारोह के अवसर पर उक्त विचार व्यक्त किए। राज्यपाल ने कहा कि साहित्य और कविता में हमेशा एक संदेश होना चाहिए। जिस तरह संगीत के सात स्वर हमें जोड़े रखते है उसी तरह साहित्य का आदान-प्रदान नई बातों का सीखने का अवसर प्रदान करता है। समापन समारोह में मुख्य अतिथि की आसंदी से राज्यपाल ने कहा कि पिछले तीन दिनों में इस मंच पर बहुत अच्छी और सार्थक चर्चाएं हुई। विचारों का खुलकर आदान-प्रदान हुआ। सबने मिलकर साहित्य, समाज और जीवन से जुड़े कई विषयों पर बात की। यह उत्सव सभी साहित्य प्रेमियों के लिए एक यादगार और सीखने वाला अनुभव रहा है। इस दौरान कई महत्वपूर्ण पुस्तकों का विमोचन भी हुआ। देश भर से आए नामी प्रकाशकों ने यहां किताबों का बहुत सुंदर संग्रह प्रस्तुत किया। पाठकों को नई-नई किताबें देखने और पढ़ने का अच्छा मौका मिला। यह देखकर अच्छा लगता है कि आज भी लोगों में किताबों के प्रति गहरी रुचि है। डेका ने कहा साहित्य और संगीत का आदान प्रदान जरूरी है और ऐसे साहित्य का उत्सव हमेशा होना चाहिए। उन्होंने तीन दिवसीय सफल आयोजन के लिए सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस तरह के आयोजन राज्य के अन्य शहरों एवं गांवों के स्तर तक भी किया जाना चाहिए और यह आयोजन सरकारी न होकर समुदाय की भागीदारी वाले होने चाहिए। डेका ने कहा कि आज की पीढ़ी छत्तीसगढ़ के रामायण कालीन संस्कृति एवं साहित्य को भूल गयी है। हमारा राज्य बहुत सुंदर है और यहां की संस्कृति भी बहुत समृद्ध है। इसका प्रचार प्रसार होना चाहिए ताकि राज्य के बाहर के लोग यहां के बारे में जान सकें। डेका ने कहा कि शब्दों में बहुत शक्ति होती है। शब्द का रूप ब्रह्म है। उन्होंने बंकिमचंद्र चटर्जी के वंदे मातरम गीत का उल्लेख किया और कहा कि सारे देश को इन दो शब्दों ने जागृत कर दिया था। उन्होंने कहा कि साहित्य हमें जोड़ता है, हमें सोचने की नई दिशा देता है और हमें बेहतर इंसान बनने की प्रेरणा देता है। हम सभी साहित्य को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं, संवाद की परंपरा को आगे बढ़ाएं और विचारों की यह रोशनी लगातार जलाए रखें। उन्होंने उपस्थित लोगों से आग्रह किया कि वे अपने जीवन में कम से कम एक ऐसा कार्य अवश्य करें, जो बिना किसी लेन-देन या व्यक्तिगत स्वार्थ के हो। ऐसे कार्य देश और समाज के समग्र विकास को मजबूती प्रदान करते हैं।

# गोदावरी माइंस की मनमानी के खिलाफ फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, उग्र आंदोलन की दी चेतावनी



**भानुप्रतापपुर।** कांकेर जिले के भैंसा कन्हार क्षेत्र में गोदावरी माइंस प्रबंधन और ग्रामीणों के बीच तनाव चरम पर पहुंच गया है। माइंस प्रबंधन पर अवैध अतिक्रमण, दादागिरी और पर्यावरण को नुकसान पहुंचाने के गंभीर आरोप लगाते हुए पंचायत प्रतिनिधियों ने प्रशासन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रशासन माइंस प्रबंधन को खुला संरक्षण दे रहा है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश व्याप्त है। ग्राम पंचायत भैंसा कन्हार के सरपंच रमल कोर्राम, ग्राम सभा अध्यक्ष राधिका वट्टी और ग्राम पटेल राजेन्द्र कोर्राम ने एक संयुक्त बयान जारी कर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि जिला प्रशासन, पुलिस और वन विभाग माइंस प्रबंधन के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि वन क्षेत्र में लगातार अतिक्रमण हो रहा है और पर्यावरण का दोहन जारी है, लेकिन शिकायत के बावजूद विभाग मौन साधे बैठा है।

### फर्जी पंचनामे का विवाद और पुलिस की चुप्पी

*ग्रामीणों ने माइंस प्रबंधन पर धोखाधड़ी का बड़ा आरोप लगाया है। प्रतिनिधियों का कहना है कि माइंस प्रबंधन ने पूर्व सरपंच और सरपंच पति के साथ साठगांठ कर फर्जी पंचनामा तैयार किया है। इस धोखाधड़ी के खिलाफ भानुप्रतापपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई गई है। हैरानी की बात यह है कि पर्याप्त समय बीत जाने के बाद भी पुलिस ने अब तक इस मामले में कोई FIR दर्ज नहीं की है और न ही कोई ठोस कार्रवाई हुई है।*

### प्रमुख आपत्तियां और नुकसान

ग्रामीणों ने माइंस प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर तीन मुख्य बिंदुओं पर घेरा है। अवैध अतिक्रमणः वन भूमि पर कब्जा कर प्राकृतिक संपदा को नष्ट किया जा रहा है। राजस्व की क्षतिः अवैध गतिविधियों से शासन के राजस्व को भारी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। बुलंद हौसलेः प्रशासन की निष्क्रियता के कारण माइंस प्रबंधन खुलेआम ग्रामीणों को नजरअंदाज कर रहा है। यदि जल्द ही इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई नहीं की गई, तो समस्त ग्रामवासी उग्र आंदोलन के लिए सड़कों पर उतरेंगे। इसके बाद पैदा होने वाली किसी भी अप्रिय स्थिति के लिए शासन-प्रशासन पूरी तरह जिम्मेदार होगा।

# लोकभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ली राष्ट्रीय मतदाता दिवस की शपथ



**रायपुर।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर लोकभवन सचिवालय में राज्यपाल के सचिव डॉ. सी. आर. प्रसन्ना, उप सचिव सुनिधि साहू, संवैधानिक प्रकोष्ठ के उप सचिव डॉ. रूपेन्द्र कवि सहित सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मताधिकार की शपथ ली।। सभी ने शपथ ली कि ''हम भारत के नागरिक लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मर्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म, वर्ग, जाति, समुदाय, भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।''

# नारायणपुर में राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन




**नारायणपुर।** कलेक्टर नारायणपुर नम्रता जैन के निर्देशानुसार एवं महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी रूपेंद्र महीना के मार्गदर्शन में जिला महिला एवं बाल विकास विभाग (मिशन शक्ति) द्वारा एक दिवसीय जिला स्तरीय राष्ट्रीय बालिका दिवस का आयोजन शासकीय बुनियादी कन्या परिसर विद्यालय गरजी में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नारायण मरकाम अध्यक्ष जिला पंचायत थे अध्यक्षता श्रीमती पिंकी उसेंडी अध्यक्ष नारायणपुर जनपद पंचायत ने की। विशेष अतिथि के रूप में संतनाथ उसेंडी एवं हिना नाग सदस्य जिला पंचायत नारायणपुर, रामशिला नाग पार्षद, श्रीमती संगीता जैन पार्षद , सरिता, सफ़ीना, तरन्नुम, रेखा यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बालिकाओं द्वारा चित्रकला, रंगोली एवं नृत्य की प्रस्तुतियाँ दी गई। बालिकाओं को शिक्षा, अधिकार एवं सशक्तिकरण के प्रति जागरूक किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग एवं मिशन शक्ति से श्रीमती बिंदेश्वरी साहू (जिला समन्वयक), किरण नैलवाल (महिला संरक्षण अधिकारी), सुपुष्पा बंजारे एवं सनातन मेरसा की उपस्थिति रही।कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

# साहित्य सृजन कर रहे पूर्व अधिकारियों ने 'शासन और साहित्य' के अंतर्संबंधों पर रखी अपनी राय



**रायपुर।** रायपुर साहित्य उत्सव के तीसरे दिन आज वर्तमान में साहित्य सृजन में लगे भारतीय प्रशासनिक सेवा के सेवानिवृत्त अधिकारियों ने 'शासन और साहित्य' के अंतर्संबंधों पर गहरा विमर्श किया। लाला जगदलपुरी मंडप में आयोजित यह सत्र मूर्धन्य छत्तीसगढ़ी साहित्यकार और पूर्व सांसद स्वर्गीय केयूर भूषण को समर्पित रहा। रायपुर के कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह इस सत्र में सूत्रधार की भूमिका में थे। परिचर्चा में यह बात प्रमुखता से उभरी कि शासन और साहित्य एक-दूसरे के विरोधी नहीं, बल्कि पूरक हैं। जहाँ शासन नीतियों के जरिए समाज को व्यवस्थित करता है, वहीं साहित्य मानवीय संवेदनाओं को जीवित रखकर शासन को आइना दिखाने का काम करता है। परिचर्चा की शुरुआत करते हुए सूत्रधार रायपुर के कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने कहा कि शासन की प्राथमिकताओं में साहित्य सदैव शामिल रहता है और रायपुर साहित्य उत्सव का यह आयोजन इस बात का प्रमाण हैं। उन्होंने कहा कि साहित्य शासन के लिए दर्पण की तरह है जो व्यवस्था को सही रास्ता दिखाने और समाज में संवेदना जगाने का काम करता है।

# किरन्दुल में राष्ट्रीय मतदाता दिवस पर नवीन मतदाताओं का हुआ सम्मान



**किरंदुल।** राष्ट्रीय मतदाता दिवस के उपलक्ष्य पर रविवार किरन्दुल में नवीन मतदाताओं का श्रीफल देकर सम्मान किया गया।बता दें वर्तमान में जिन मतदाताओ का 18 वर्ष पूर्ण हुआ हैं उनका नाम मतदाता सूची में जोड़ा गया हैं उन्हें बीएलओ द्वारा श्रीफल देकर सम्मानित किया गया एवं अपने मत का प्रयोग किस प्रकार किया जाना हैं उसकी जानकारी दी गई। मुख्य नगरपालिका अधिकारी शशिभूषण महापात्र ने बताया कि जागरूक एवं नियमित मतदान प्रजातंत्र का विश्वसनीय स्तंभ है मतदान अपना अधिकार एवं शक्ति है मतदान से ही श्रेष्ठ राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता हैं। इस दौरान बीएलओ सुपरवाइजर शंकर चौधरी, विजेंद्र गुप्ता, राजकुमार माड़िया, रामगुलाल साहू, सुरेंद्र साहू उपस्थित थे।

# 'समृद्ध दीदी से समृद्ध राष्ट्र' गणतंत्र दिवस अभिनंदन समारोह में छत्तीसगढ़ की 6 दीदियां भी हुईं शामिल



**रायपुर।** गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर भारत सरकार के दिल्ली में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह 'विशेष आमंत्रण' समृद्ध दीदी से समृद्ध राष्ट्र गणतंत्र दिवस अभिनंदन समारोह में छत्तीसगढ़ की दीदियां भी शामिल हुईं। यह आयोजन महिला नेतृत्व, आत्मनिर्भरता और सामुदायिक विकास के प्रति देश की प्रतिबद्धता का प्रतीक बना। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के तत्वाधान में राज्य के नारायणपुर, दंतेवाड़ा और कबीरधाम जिलों से चयनित 6 स्व-सहायता समूह की दीदियों ने गणतंत्र दिवस परेड में सहभागिता कर प्रदेश का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया। इस दल में नारायणपुर के तीमनार की सुगोंतीन बाई, महिमागवाड़ी की फुलेश्वरी नाग, गुरिय की तुलेन्द्री ठाकुर, दंतेवाड़ा के बालपेठ की बिम्बती नाग, भोगम की यमुना, कबीरधाम जिले की सीमो की लाता साहू शामिल हैं। नारायणपुर और दंतेवाड़ा की अतिसंवेदनशील ग्रामों की महिलाएं ये पहली बार इतने बड़े मंच पर शामिल हुई, जिससे उन्हें बहुत कुछ जानने का मौका मिला।

**केंद्रीय पंचायत मंत्री ने भेंट कर दीदियों का किया उत्साहवर्धन -** स्वसहायता समूह की दीदियों ने केंद्रीय पंचायत मंत्री शिवराज सिंह चौहान से भी सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर मंत्री चौहान ने स्व-सहायता समूहों की भूमिका की सराहना करते हुए ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महिलाओं के योगदान को रेखांकित किया। इस अवसर पर एनआरएलएम के अंतर्गत देशभर में निर्मित 199 कम्युनिटी मैनेज्ड ट्रेनिंग सेंटर (सीएमटीसी) का केंद्रीय मंत्री चौहान ने वर्चुअल उद्घाटन किया। जिसमें छत्तीसगढ़ के 12 सीएमटीसी भी शामिल रहे, जो छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के माध्यम से कौशल विकास और आजीविका संवर्धन को नई गति देंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता 6 फरवरी को

**बिलासपुर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 6 फरवरी 2026 को सवेरे 9 बजे से किया जा रहा है। एथलेटिक्स (100 मीटर, 400 मीटर दौड़ एवं तवा फेंक), खो-खो, हॉकी, व्हॉलीबॉल, कुश्ती, वेटलिफ्टिंग एवं रस्साकसी का आयोजन स्व. बी.आर. यादव राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र, बहतराई में एवं बास्केटबॉल का आयोजन शासकीय विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय में तथा बैडमिंटन एवं फुटबॉल का आयोजन जिला खेल परिसर सरकण्डा में किया जाएगा। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जिले के 4 विकासखण्ड के इन 10 खेलों के सभी प्रथम आए बालिका एवं महिला प्रतिभागियों को 2 आयुवर्ग में 9 से 18 वर्ष तक एवं 18 से 35 वर्ष तक बालिका एवं महिला खिलाड़ियों को प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्रता होगी।

### जीवनदीप समिति की बैठक 29 जनवरी को

**बिलासपुर।** जिला चिकित्सालय के जीवनदीप समिति की बैठक कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल की अध्यक्षता में 29 जनवरी को शाम 5 बजे से मातृ एवं शिशु अस्पताल के के सभाकक्ष में होगी। बैठक में संबंधित अधिकारियों को उपस्थित होने के निर्देश दिए गए है।

### औषधालय सेवक निलंबित

**बिलासपुर।** आयुष विभाग द्वारा संचालित स्पेशलिटी क्लिनिक सीएचसी बिल्हा में पदस्थ औषधालय सेवक कृष्ण कुमार वर्मा को निलंबित कर दिया गया है। उन पर कार्यस्थल से लंबे समय तक अनुपस्थित रहने का आरोप लगाया गया है। जिला आयुष अधिकारी ने निलंबन की कार्रवाई की है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय आयुर्वेद औषाधालय जेवरा रहेगा।

### पेड़ में फांसी लगाकर युवक ने की खुदकुशी

**कोरबा।** जिले के उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम तरदा में एक युवक द्वारा फांसी लगाए जाने का मामला सामने आया है। घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम तरदा निवासी गेंद राम पटेल, पिता स्वर्गीय सुखलाल पटेल, उम्र लगभग 45 वर्ष, शुक्रवार तड़के सुबह करीब 4 बजे घर से निकले थे। इसके बाद सुबह लगभग 6 बजे ग्रामीणों ने उन्हें गांव के पास एक पेड़ पर रस्सी के सहारे फांसी पर लटके हुए देखा। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय लोगों द्वारा तत्काल उरगा थाना पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को फांसी से नीचे उतरवाकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की। इसके पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मृतक द्वारा यह कदम किन कारणों से उठाया गया, इसका फिलहाल खुलासा नहीं हो सका है। परिजनों एवं ग्रामीणों से पूछताछ की जा रही है तथा पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की जांच कर रही है। घटना के बाद गांव में शोक का माहौल है। मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की पुष्टि हो सकेगी। फिलहाल उरगा थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

### कोरबा जिले में संचालित 70 बसों की फिटनेस जांच की आरटीओ अधिकारी विवेक सिन्हा ने

**कोरबा।** जिले में सड़क सुरक्षा माह के तहत स्कूल बसों की फिटनेस जांच अभियान चलाया गया। आरटीओ अधिकारी विवेक सिन्हा के मार्गदर्शन में परिवहन विभाग और यातायात विभाग ने संयुक्त रूप से 70 स्कूल बसों की जांच करी। जांच में कई बसों में खामियां पाई गईं, जैसे कि साफ-सफाई की कमी, फटी सीटें, खराब सीसीटीवी कैमरे, और हेल्प चाइल्ड लाइन नंबर की अनुपलब्धता आदि। बस संचालकों को 14 दिन में खामियां सुधारने का अल्टीमेटम दिया गया है। जानकारी के अनुसार जांच के दौरान अधिकांश बसों में साफ-सफाई का गंभीर अभाव पाया गया, वहीं कई बसों की सीटें फटी हुई मिलीं। बच्चों की सुरक्षा के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरे केवल खानापूर्ति के लिए लगे पाए गए और कई कैमरे चालू ही नहीं थे। सबसे गंभीर बात यह रही कि किसी भी स्कूल बस में हेल्प चाइल्ड लाइन नंबर अंकित नहीं पाया गया। इसके अलावा कई बसों के इमरजेंसी गेट जाम मिले, जबकि कुछ बसों के इंडिकेटर खराब थे जो जल ही नहीं रहे थे। यह सभी खामियां सीधे तौर पर बच्चों की

# 77वें गणतंत्र दिवस के अवसर पर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर में महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



**बिलासपुर।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में 77वां गणतंत्र दिवस समारोह मुख्यालय बिलासपुर सहित तीनों रेल मंडलों बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर में आज दिनांक 26 जनवरी 2026 को परंपरा, गरिमा एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में मनाया गया । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे मुख्यालय, बिलासपुर में आयोजित मुख्य समारोह में महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे श्री तरुण प्रकाश ने प्रातः 09.00 बजे एन.ई. इंस्टीट्यूट ग्राउंड, बिलासपुर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया । ध्वजारोहण के पश्चात उन्होंने उपस्थित रेल अधिकारियों, कर्मचारियों, उनके परिजनों, विद्यार्थियों, यूनियन एवं एसोसिएशन प्रतिनिधियों, मीडिया कर्मियों तथा गणमान्य नागरिकों को संबोधित किया । अपने संबोधन में महाप्रबंधक ने कहा कि 77वां गणतंत्र दिवस हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक मर्यादाओं एवं राष्ट्रीय एकता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करता है तथा यह राष्ट्र निर्माण में प्रत्येक नागरिक के कर्तव्यों एवं दायित्वों का स्मरण कराता है । उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के उपरांत भारत ने प्रगति, नवाचार और आत्मनिर्भरता की दिशा में उल्लेखनीय उपलब्धियाँ हासिल की हैं तथा इस राष्ट्रीय विकास यात्रा में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे ने आधारभूत संरचना के विकास, सुरक्षित एवं विश्वसनीय रेल परिवहन तथा जनसेवा के क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है । महाप्रबंधक ने बताया कि दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे भारतीय रेलवे के अग्रणी माल लदान एवं राजस्व अर्जन करने वाले जोनों में शामिल है । वर्तमान वित्तीय वर्ष 2025-26 में रेलवे ने मात्र 287 दिनों में, 12 जनवरी को, 200 मिलियन टन माल लदान का महत्वपूर्ण आँकड़ा गत वर्ष की तुलना में 8 दिन पूर्व ही प्राप्त कर लिया तथा माल ढुलाई से ?23,655 करोड़ से अधिक का राजस्व अर्जित किया । दिसंबर 2025 तक 56.5 प्रतिशत ऑपरेटिंग रेशियो के साथ यह जोन भारतीय रेलवे में अग्रणी रहा । उन्होंने यह भी कहा कि यह उपलब्धि समस्त रेलकर्मियों के समर्पित, निष्ठावान एवं सामूहिक प्रयासों का परिणाम है । भारतीय रेल द्वारा आयोजित 70वें अति विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कारङ्क2025 में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे को ट्रैफिक्र ट्रांसपोर्टेशन शील्ड से सम्मानित किया जाना इसी प्रतिबद्धता एवं उत्कृष्ट कार्यसंस्कृति का प्रमाण है । यात्री सुविधाओं के संबंध में महाप्रबंधक ने बताया कि रायपुरङ्कजबलपुर के मध्य गोंदिया एवं बालाघाट होते हुए नई एक्सप्रेस रेल सेवा तथा रायपुर एवं धर्म नगरी राजिम के मध्य यात्री रेल सेवाएँ प्रारंभ की गई हैं, जिससे क्षेत्रीय संपर्क में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है । यात्रियों की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए वर्ष 2025 में विभिन्न पर्वों एवं मेलों के अवसर पर 129 विशेष ट्रेनों के 302 फेरे संचालित किए गए तथा आवश्यकतानुसार स्थायी एवं अस्थायी कोच लगाए गए । उन्होंने कहा कि यात्री सुविधाओं को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए इस वित्तीय वर्ष में 12 नए फुट ओवर ब्रिज, 14 एस्केलेटर, 5 लिफ्ट, प्लेटफॉर्म ऊँचाई में वृद्धि तथा कोच गाइडेंस डिस्प्ले सिस्टम की सुविधा उपलब्ध कराई गई है । सड़क एवं रेल यातायात को अधिक सुरक्षित बनाने के उद्देश्य से दिसंबर 2025 तक 7 रोड ओवर ब्रिज एवं 9 रोड अंडर ब्रिज का निर्माण पूर्ण किया गया है । डिजिटल पहल पर प्रकाश डालते हुए महाप्रबंधक ने बताया कि यूटीएस ऑन मोबाइल एवं रेलवन ऐप के माध्यम से डिजिटल टिकटिंग को बढ़ावा मिला है । दिसंबर 2025 में कुल अनारक्षित टिकटों में से 23.58 प्रतिशत टिकट मोबाइल ऐप से बुक किए गए।

# आयुर्वेद से एआई तक:भारत का विश्व स्वास्थ्य नेतृत्व.......

**बिलासपुर।** यह कहना बिल्कुल अतिशयोक्ति नहीं होगी कि भारत आज 'दुनिया के डॉक्टर' के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। अपनी उन्नत स्वास्थ्य सेवाओं, किफायती दवाओं और वैश्विक संकटों में अपनी अग्रणी भूमिका के कारण भारत ने मानवता की सेवा में एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है।वैसे भी प्राचीन काल से ही भारत 'आयुर्वेद' और 'सुश्रुत' की विरासत के माध्यम से चिकित्सा जगत का मार्गदर्शक रहा है। लेकिन आधुनिक युग में, भारत ने तकनीकी प्रगति और दुनिया के स्वास्थ्य मानचित्र पर अपनी एक अनिवार्य जगह बना ली है। बीते कुछ दशकों में वैश्विक परिदृश्य पर भारत की छवि न केवल एक उभरती हुई अर्थव्यवस्था के रूप में सुदृढ़ हुई है, बल्कि स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में भी देश ने 'दुनिया के डॉक्टर' का गौरवपूर्ण सम्मान प्राप्त किया है। यह बदलाव रातों-रात नहीं आया, बल्कि इसके पीछे भारत की विशाल दवा निर्माण क्षमता, अनुभवी डॉक्टरों की फौज और प्राचीन चिकित्सा पद्धतियों का आधुनिक विज्ञान के साथ सटीक तालमेल है। आज जब हम वैश्विक स्तर पर जेनेरिक दवाओं की बात करते हैं, तो भारत का नाम सबसे ऊपर आता है क्योंकि दुनिया भर में टीकों की कुल मांग का लगभग साठ प्रतिशत हिस्सा भारत ही पूरा करता है। किफायती और गुणवत्तापूर्ण दवाओं के मामले में भारत ने विकसित देशों के एकाधिकार को चुनौती दी है, जिससे अफ्रीका और लैटिन अमेरिका जैसे गरीब देशों के आम नागरिकों तक जीवन रक्षक दवाएं पहुँचना संभव हो पाया है। विशेष रूप से एचआईवी, कैंसर और मधुमेह जैसी बीमारियों की सस्ती दवाएं उपलब्ध कराकर भारत ने मानवताके प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को सिद्ध किया है। कोरोना महामारी के उस भयावह काल ने भारत की इस 'डॉक्टर' वाली भूमिका को पूरी दुनिया के सामने अत्यंत स्पष्टता से रखा। जब वैश्विक स्तर पर स्वास्थ्य प्रणालियाँ चरमरा रही थीं और विकसित राष्ट्र अपने संसाधनों को सुरक्षित करने में लगे थे, तब भारत ने 'वैक्सीन मैत्री' की पहल के साथ सौ से अधिक देशों को करोड़ों टीके और आवश्यक दवाएं पहुँचाकर एक सच्चे अभिभावक की भूमिका निभाई।हाइड्रॉक्सीक्लोरोक्वीन जैसी दवाओं की वैश्विक मांग को पूरा करने से लेकर खुद का स्वदेशी टीका विकसित करने तक, भारत ने यह दिखा दिया कि उसकी वैज्ञानिक प्रगति केवल मुनाफे के लिए नहीं बल्कि 'लोक कल्याण' के लिए समर्पित है।

# कानन पेंडारी चिड़ियाघर में नील गायों में जोरदार भिडंत,एक घायल

**बिलासपुर।** कानन पेंडारी जू में शनिवार को दो नर नील गाय में फाइटिंग हो गई। इस घटना में एक नील गाय को गंभीर चोट आई। उसकी हालत देखकर तत्काल जू प्रबंधन उसे केज से अस्पताल में शिफ्ट कर दिया है, जहां उसका उपचार किया जा रहा है।घटना सुबह की है, इस समय तक जू में कोई नहीं पहुंचा। केवल रात्रि ड्यूटी करने वाले कर्मचारी ही तैनात रहते हैं। सुबह जिस जूकीपर की ड्यूटी नील गाय के केज में रहती है, वह पहुंचा तब उसने देखा कि एक नील गाय घायल स्थिति में पड़ा हुआ है तो वह घबरा गया। उसने तत्काल जू के जिम्मेदार अधिकारियों के अलावा वन्य प्राणी चिकित्सक डा. पीके चंदन को दिया। उन्होंने नील गाय को तत्काल केज से हटाकर अस्पताल में शिफ्ट करने के लिए कहा। नील गाय के कई हिस्से में सींग के हमले का निशान थे, इन जख्मों से खून भी बह रहा था। कुछ घाव गहरे भी है। हालांकि जू अस्पताल में रखकर नील गाय का उपचार तो शुरू कर दिया गया है। लेकिम, जख्म ठीक होने में अभी कुछ दिन और लगेंगे। बताया जा रहा है कि अकेले नील गाय नहीं बल्कि हिरण प्रजातियों के अन्य वन्य प्राणियों के केज की स्थिति यही है। हर दिन एक न एक घायल जरुर हो रहा है। इस बार फाइटिंग काफी देर तक चली, जिसके चलतेएक नील गाय को चोट आई। समय पर उपचार शुरू होने के कारण अब उम्मीद जताई जा रही है कि वह जल्द ठीक हो जाएगा। हालांकि उसके स्वस्थ्य होने के बाद भी कुछ दिन तक घायल नील गाय को केज में शिफ्ट नहीं किया जाएगा।

### सक्रियता बरतने के निर्देश

कानन पेंडारी जू में सीसीटीवी कैमरे की कमी है। यही कारण है कि पूरे जू परिसर व केज के अंदर की गतिविधियों की निगरानी ठीक तरह नहीं हो पाती है। ऐसी स्थिति में केज ड्यूटी में तैनात जूकीपरों की जवाबदारी बढ़ जातीहै। इस घटना के बाद सभी को ड्यूटी के दौरान अलर्ट रहने के निर्देश दिए गए हैं। इस तरह जब दो वन्यप्राणी में भिडंत हो तो अपने तरीके से उन्हें खदेड़ने का भी प्रयास करने के लिए कहा गया है।

# बेटे और दामाद ही निकले हत्यारे: एक माह पुराने अंधे कत्ल की गुत्थी सुलझी

**बिलासपुर।** रोज-रोज शराब पीने और नशे में मारपीट करने की आदत से तंग आकर एक व्यक्ति की उसके ही बेटे और दामाद ने मिलकर हत्या कर दी। पुलिस ने मामले की गहन जांच के बाद दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। घटना मोपका स्थित अरपा विहार कॉलोनी की है।पुलिस के अनुसार 12 दिसंबर को अरपा विहार मोपका निवासी शंभू राम साहू की लाश उनके घर के अंदर मिली थी। मृतक के सिर पर गंभीर चोट के निशान थे और उसी चोट के कारण उसकी मौत हुई थी। शुरुआती तौर पर परिजन इसे दुर्घटना बता रहे थे, लेकिन परिस्थितियों को देखते हुए पुलिस को शुरू से ही मामला संदिग्ध प्रतीत हो रहा था।पुलिस ने हर पहलू से जांच करते हुए तकनीकी साक्ष्य जुटाए और परिवार के संदिग्ध सदस्यों से पूछताछ की। जांच के दौरान मृतक के बेटे जय किशन साहू और दामाद किशन साहू पर संदेह गहराया। दोनों को हिरासत में लेकर जब सख्ती से पूछताछ की गई तो वे टूट गए और अपना जुर्म स्वीकार कर लिया।आरोपियों ने बताया कि शंभू राम साहू शराब पीने का आदी था और नशे की हालत में आए दिन घरवालों के साथ मारपीट करता था। इस वजह से पूरा परिवार मानसिक रूप से परेशान था। इसी तनाव के चलते 11 दिसंबर की रात बेटे और दामाद ने रस्सी से गला घोंटकर उसकी हत्या कर दी। संघर्ष के दौरान मृतक के सिर में भी गंभीर चोट लग गई थी। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफहत्या का मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं



**बिलासपुर।** कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल ने साप्ताहिक जनदर्शन में आज दूर-दराज से पहुंचे ग्रामीणों की फरियाद सुनी। उन्होंने जनदर्शन में आए प्रत्येक व्यक्ति से उनका आवेदन लिया और आवश्यक कार्रवाई के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। लोगों ने जनदर्शन में व्यक्तिगत एवं सामुदायिक हित से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर समस्याओं के निराकरण के लिए आवेदन दिया। एडीएम श्री शिवकुमार बनर्जी और जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल ने भी लोगों की समस्याओं को सुना। जनदर्शन में कलेक्टर से मुलाकात कर मस्तुरी ब्लॉक के ग्राम गुडी निवासी कोशम बाई सूर्यवंशी ने शौचालय एवं पशुशेड निर्माण कराये जाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि उनका परिवार मजदूरी करके जीवन यापन कर रहा है। शौचालय नहीं होने से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिला पंचायत सीईओ को इसकी जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। शहर के मोपका वार्ड क्र 48 के निवासियों ने सामूहिक ज्ञापन सौंपते हुए कलेक्टर से जोगनीन-जोगिया तालाब जाने वाले आम रास्ता को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। उन्होंने बताया कि बिल्डरों द्वारा तालाब आने जाने वाले रास्ते में बाउंड्री निर्माण कर रास्ता को बंद कर दिया गया है जिसके कारण उनके समक्ष निस्तारी के लिए समस्या उत्पन्न हो गई है। कलेक्टर ने मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने कहा है। जरहाभाठा निवासी संतोषी बाई ने कलेक्टर से मुलाकात कर स्वयं का रोजगार स्थापित करने आर्थिक सहायता राशि की मांग की। उन्होंने बताया कि वह एक दिव्यांग गरीब गृहणी महिला है। किराये के घर में रहकर जीवन यापन कर रही है। वह स्वयं का सब्जी का व्यवसाय करना चाहती है। कलेक्टर ने लीड बैंक मैनेजर को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए। सीपत तहसील के ग्राम दर्राभांठा के ग्रामीणों ने निर्दोष चन्द्राकर के द्वारा शासकीय भूमि पर किये गये अवैध कब्जे की शिकायत की गई है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव के निवासी निर्दोष चन्द्राकर द्वारा शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा कर खेती का कार्य किया जा रहा है एवं मकान का निर्माण करवाया गया है।

# महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश द्वारा मौहरी-सूरजपुर रोड रेल खंड का विंडो ट्रेलिंग कर संरक्षा निरीक्षण

■ अमृत भारत स्टेशन के तहत बिजुरी, बैकुंठपुर में हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा

**बिलासपुर।** गाड़ियों की सुरक्षित एवं संरक्षित परिचालन सुनिश्चित करना भारतीय रेलवे की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य के तहत दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा निरंतर सजगता के साथ विभिन्न संरक्षा अभियानों का संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री तरुण प्रकाश ने आज मौहरीङ्कसूरजपुर रोड सेक्शन में विंडो ट्रेलिंग के माध्यम से विस्तृत संरक्षा निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्टेशनों एवं मध्यवर्ती रेलखंडों का गहन अवलोकन करते हुए यात्री सुरक्षा, ट्रैक संरचना, सिग्नलिंग प्रणाली तथा रेल परिचालन से संबंधित व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक बिलासपुर श्री राकेश रंजन, प्रधान मुख्य इंजीनियर, प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक, प्रधान मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता, प्रधान मुख्य विद्युत अभियंता सहित मुख्यालय एवं मंडल के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। विंडो ट्रेलिंग निरीक्षण करते हुए महाप्रबंधक श्री प्रकाश बिजुरी स्टेशन पहुंचे, जहां उन्होंने अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने यात्री सुविधाओं, आधारभूत संरचना, प्लेटफार्म सरफेसिंग, प्रतीक्षालय, सर्कुलेटिंग एरिया एवं अन्य निर्माणाधीन



कार्यों का जायजा लिये तथा पुनर्विकास से संबंधित ड्राइंग एवं ले-आउट प्लान का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समयसीमा में उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। बिजुरी स्थित क्रू लॉबी के निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने कर्मचारियों से संरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। उन्होंने कर्मचारियों की कार्यप्रणाली, विश्राम एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की जानकारी लेते हुए सुरक्षित एवं समयबद्ध रेल परिचालन के लिए प्रत्येक स्तर पर संरक्षा मानकों के कड़ाई से अनुपालन पर बल दिया। साथ ही ट्रेनों के सुरक्षित परिचालन हेतु उन्हें प्रोत्साहित किया । इसके पश्चात महाप्रबंधक ने बैकुंठपुर रोड स्टेशन में अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत विकसित हो रही यात्री सुविधाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने स्टेशन परिसर, प्रतीक्षालय, पैनल रूम, रिले रूम, स्टेशन भवन, सर्कुलेटिंग एरिया सहित महिला एवं पुरुष प्रतीक्षालय तथा टिकट घर के नवीनीकरण कार्यों की प्रगति की समीक्षा की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने बिजुरीङ्कबैकुंठपुर रोड घाट सेक्शन का गहन निरीक्षण कर सुरक्षा एवं संरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिये। कटोरा स्टेशन में उन्होंने नवीन स्टेशन भवन, फुट ओवरब्रिज

# बृहस्पति बाजार शिफ्टींग पर फिर हुआ बवाल

**बिलासपुर।** शहर के बृहस्पति बाजार को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता नजर आ रहा है। नगर निगम ने बृहस्पति बाजार के सब्जी व्यापारियों को गोंड़पारा स्थित मुन्नूलाल शुक्ला स्कूल मैदान में शिफ्ट करने का नोटिस जारी किया है। नोटिस मिलते ही व्यापारियों में हड़कंप मच गया और विरोध खुलकर सामने आ गया।व्यापारियों का आरोप है कि बिना पुख्ता तैयारी के उन्हें जबरन दूसरी जगह भेजा जा रहा है।गोंड़पारा मैदान में न तो चबूतरे बनाए गए हैं,न ही शेड की व्यवस्था है। सुरक्षा के नाम पर बाउंड्री वॉल तक मौजूद नहीं है। व्यापारियों का कहना है कि मैदान में अत्यधिक धूल होने से सब्जियां खराब होंगी, जिससे ग्राहक भी नहीं आएंगे और छोटे व्यापारियों की रोजी-रोटी पर संकट खड़ा हो जाएगा।सब्जी व्यापारियों ने नगर निगम से सीधा सवाल किया है कि क्या उन्हें लिखित गारंटी दी जाएगी कि निर्माण कार्य पूरा होने के बाद सभी व्यापारियों को दोबारा बृहस्पति बाजार में ही जगह मिलेगी।दरअसल, बृहस्पति बाजार को मल्टी लेवल सब्जी बाजार के रूप में विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। इसके लिए डीएमएफ मद से करीब 14 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की गई है। निगम अधिकारियों के अनुसार इस परियोजना को पूरा होने में कम से कम एक साल का समय लग सकता है, इसी वजह से व्यापारियों को अस्थायी तौर पर गोंड़पारा शिफ्ट किया जा रहा

# वास्तु शास्त्र के अनुसार बनाएं घर के अंदर सीढ़ियां

घर के निर्माण में हर छोटी से छोटी बात का ख्याल रखना बेहद जरूरी है। सीढ़ियां भी घर का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं और इनके निर्माण में वास्तु नियमों का पालन करना और भी अधिक आवश्यक हो जाता है। सीढ़ियों के निर्माण में वास्तु के सिद्धांतों का पालन करने से घर में सकारात्मक ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है और नकारात्मक ऊर्जा से मुक्ति मिलती है। अगर सीढ़ियां वास्तु के नियमों के अनुसार नहीं बनाई गई हैं, तो इससे घर में कई तरह के वास्तु दोष उत्पन्न हो सकते हैं। ये दोष घर के रहने वालों के स्वास्थ्य, धन, और रिश्तों पर नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य से विस्तार से जानते हैं कि क्या घर के अंदर सीढ़ियां बनाना शुभ है या अशुभ?



वास्तु के अनुसार घर के अंदर सीढ़ियां बनाना शुभ नहीं माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि अगर घर के अंदर सीढ़ियां बनाने से व्यक्ति को अशुभता झेलनी पड़ती है और घर परिवार में सुख-समृद्धि की भी कमी आने लग जाती है। साथ ही इसका असर घर के वास्तु पर भी पड़ता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार घर में सीढ़ियां बनाने के कुछ नियम होते हैं, जिनका पालन करना महत्वपूर्ण होता है। सीढ़ियां का स्थान और दिशा घर के वास्तु और ऊर्जा के संतुलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। अगर सीढ़ियों को सही तरीके से न डिजाइन किया जाए तो यह नकारात्मक प्रभाव डाल सकते हैं।

## सीढ़ियां बनाने के लिए वास्तु के नियम

उत्तर और पूर्व दिशा में सीढ़ियों का निर्माण सबसे शुभ माना जाता है। ये दिशाएं सकारात्मक ऊर्जा को आकर्षित करती हैं और घर में सुख-समृद्धि लाती हैं। दक्षिण और पश्चिम दिशा में सीढ़ियों का निर्माण न करना बेहतर होता है, क्योंकि इससे नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश हो सकता है और परिवार में वित्तीय समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। घर के मुख्य द्वार के सामने सीढ़ियां नहीं बनानी चाहिए, क्योंकि यह सकारात्मक ऊर्जा के प्रवाह को रोकता है और घर में समृद्धि में कमी आ सकती है। सीढ़ियों का आकार सही होना चाहिए। अत्यधिक चौड़ी या संकीर्ण सीढ़ियां न बनाएं। सीढ़ियों के बीच में अगर कोई खाली स्थान छोड़ा जाता है तो यह घर में नकारात्मक ऊर्जा का प्रवेश करवा सकता है। सीढ़ियों के नीचे कोई सामान नहीं रखना चाहिए। यदि ऐसा किया जाता है, तो यह नकारात्मक ऊर्जा का कारण बन सकता है और घर में समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं।

# क्या घर के सामने पपीता का पेड़ लगाना चाहिए?

वास्तु शास्त्र में घर में पेड़-पौधे लगाने का विशेष महत्व माना गया है। ऐसा कहा जाता है कि घर में इन्हें लगाने से सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। घर-परिवार के सभी सदस्यों का स्वास्थ्य भी अच्छा रहता है। पेड़-पौधों को देवी-देवता का स्वरूप माना गया है। इसलिए इसे कई लोग दिन के हिसाब से सही स्थान और दिशा में लगाते हैं। ताकि व्यक्ति को कभी भी किसी भी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। अब ऐसे में सवाल है कि क्या घर के सामने पपीता का पेड़ लगा सकते हैं। आइए इस लेख में ज्योतिषाचार्य से विस्तार से जानते हैं।



### घर के आंगन में न लगाएं पपीता का पेड़

अगर आप घर के आंगन में पपीता का पड़ लगा रहे हैं, तो यह अशुभ माना जाता है। ऐसा कहा जाता है कि आंगन में इस पेड़ को लगाने से घर में हमेशा आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है और घर-परिवार में कभी भी सुख-शांति नहीं रहती है। साथ ही घर में हमेशा कलह-क्लेश की स्थिति बनी रहती है। इसलिए घर के आंगन में भी पपीता का पेड़ न लगाएं।

### पपीता का पेड़ कभी भी घर के सामने न लगाएं

वास्तु शास्त्र में पपीता का पेड़ कभी भी घर के सामने नहीं लगाना चाहिए। अगर ये पेड़ अपने आप भी उग जाए, तो शुरुआत में इसे खोदकर दूसरे स्थान पर लगा देना चाहिए। इसके अलावा अगर अगर पपीता का पेड़ बड़ा हो गया है, तो फल जब आने बंद हो जाएं, तो पपीता के पेड़ को काटने के बजाए, इसके तने में छेद करके हींग भर देना चाहिए। ऐसा कहा जाता है कि पपीता का पेड़ घर के सामने लगाने से व्यक्ति को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ सकता है और घर-परिवार में सुख-शांति की कमी आने लग जाती है। इसलिए घर के सामने पपीता का पेड़ लगाने से बचें। आपको बता दें, अगर आप पीपता के पेड़ के तने में हींग लगाने से घर में आने वाले सभी संकटों से छुटकारा मिल जाता है।

# हेल्दी रहने के 3 सिंपल तरीके



अगर आपको हेल्दी रहना हो तो कौन से वो 3 काम किये जा सकते हैं। जो शरीर के जरूरी न्यूट्रिशन की पूर्ति करने के साथ ही बीमारियों को दूर रखने में मदद करेंगे। ऐसे ही किसी सवाल का जवाब इंस्टाग्राम पर न्यूट्रिशनिस्ट अंजली मुखर्जी ने दिया है। अगर आप सिंपल तरीके से रुटीन को फॉलो करते हुए हेल्दी रहना चाहते हैं तो बस रोजाना इन कामों को जरूर करें।

### प्रोटीन खाएं

दिन के हर मील में प्रोटीन की मात्रा जरूर होनी चाहिए। ये आपकी इम्यूनिटी बूस्ट करने में मदद करती है। साथ ही शरीर से टॉक्सिंस को भी बाहर निकालता है। हाई प्रोटीन डाइट हाई बीपी, ब्लड शुगर और हार्ट से जुड़ी बीमारियों को हील करने में मदद करता है और नाखून से लेकर बालों की हेल्थ के लिए भी अच्छा होता है।



### रोजाना एक घंटे की वॉक

अगर आपको हेल्दी रहना है तो रोजाना एक घंटे की वॉक जरूर करें। ये ना केवल आपके ज्वाइंट्स को लचीला बनाकर रखेगी बल्कि डाइजेशन को भी सही रखने में मदद करेगी। इसके साथ ही मेटाबॉलिज्म बूस्ट करने और वजन को कंट्रोल करके रखने में मदद करती है।

### पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं

दिनभर में इतना पानी पिएं कि शरीर पूरी तरह से हाइड्रेटेड रहे। पानी पीने से शरीर के टॉक्सिंस आसानी से निकलते हैं, कब्ज नहीं होती और साथ ही बॉडी के फंक्शन आसानी से पूरे होते हैं। साथ ही स्किन का टेक्सचर भी इंप्रूव होता है।

# स्किन पर स्क्रब का इस्तेमाल करते समय ध्यान देने की जरूरत

ऑरेंज पील आजकल हर कोई अपने चेहरे पर लगाते हुए नजर आ रहा है। ऐसा इसलिए क्योंकि सर्दियों में सबसे ज्यादा बाजार में संतरा देखने को मिलता है। इसलिए हर कोई ऑनलाइन इसका तरीका देखकर इसे चेहरे पर लगाते हैं। ऐसे ही कई सारे लोग होते हैं जो चेहरे पर स्क्रब का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन संतरे के छिलकों से बने स्क्रब से आपकी स्किन पर प्रॉब्लम भी हो सकती हैं। इसकी जानकारी हमारे साथ डॉक्टर आंचल ने शेयर की जिसमें उन्होंने बताया कि पील का स्क्रब किस तरह से स्किन को नुकसान पहुंचा सकता है।



### सेंसिटिव स्किन पर न लगाएं स्क्रब

ऑरेंज पील स्क्रब में साइट्रस एसिड ज्यादा होता है। इसी वजह से हमारी स्किन पर रेडनेस और जलन होनी शुरू हो जाती है। इसलिए स्क्रब का इस्तेमाल हर स्किन टाइप पर नहीं करना चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि इससे चेहरे पर अलग-अलग तरह की परेशानी हो सकती है, जिसकी वजह से आपको डॉक्टर के पास भी जाना पड़ सकता है। इससे बेहतर है कि आप इसके पैक का इस्तेमाल करें।

### स्किन को ड्राई करता है स्क्रब

ऑरेंज पील स्क्रब का ज्यादा इस्तेमाल करने से आपकी स्किन ड्राई हो सकती है। ऐसा इसलिए क्योंकि इसके इस्तेमाल से त्वचा में मौजूद ऑयल कम हो जाता है। इसकी वजह से त्वचा में सफेद दाग और निशान दिखाई देते हैं। इसलिए जरूरी है कि आप अपनी स्किन पर ऐसे स्क्रब का इस्तेमाल करें, जिसे लगाने से ड्राईनेस न हो साथ ही, आपकी स्किन साफ हो सके। संतरे में साइट्रस एसिड ज्यादा होता है। ऐसे में स्किन पर मौजूद दाने दिक्कत कर सकते हैं। साथ ही, इनकी वजह से पिगमेंटेशन की प्रॉब्लम भी ज्यादा हो सकती है।

अगर आप इसे दिन में लगाकर बाहर जाते हैं तो इससे स्किन और ज्यादा डार्क नजर आती है। इसलिए जरूरी है कि आप स्क्रब की जगह पर टोनर या फेस मास्क का इस्तेमाल करें। इससे आपकी स्किन को नुकसान नहीं होगा। एक्सपर्ट की सलाह के साथ आप अगर संतरे के छिलके का इस्तेमाल करेंगी या स्क्रब बनाकर लगाएंगी, तो जरूरी जानकारी जान लें। ऐसा इसलिए ताकि आपकी स्किन पर किसी तरह की कोई प्रॉब्लम न हो।

# शादी के मौके पर अपने नाखूनों को देना चाहती हैं ब्यूटीफुल लुक



हर महिला चाहती हैं कि उसके नाखून खूबसूरत नजर आए और अगर आपके घर में शादी में है तो, इनका भी खूबसूरत नजर आना काफी जरूरी है। दरअसल, शादी जैसे मौके पर महिलाएं चाहती हैं कि वो खूबसूरत नजर आए और आपकी खूबसूरती बढ़ाने का काम आपके नाखून भी करते हैं। इसी वजह से महिलाएं इस खास मौके पर नाखूनों पर नेल आर्ट करवाती हैं। वहीं अगर आप अपने नाखूनों को ब्यूटीफुल लुक देना चाहती हैं तो आप इस आर्टिकल में दिखाए गए नेल आर्ट के खूबसूरत डिजाइंस अपने नाखूनों पर बनवा सकती हैं। इस तरह के नेल आर्ट आपको ब्यूटीफुल लुक देने का काम करेंगे।



### फ्लोरल डिजाइन नेल आर्ट

फ्लोरल डिजाइन के आउटफिट जहां इन दिनों ट्रेंड में है तो, वहीं इस तरह के नेल आर्ट डिजाइंस भी महिलाएं काफी पसंद करते हैं। अगर आप भी फ्लोरल डिजाइन में कुछ चाहती हैं तो आप इस तरह के नेल आर्ट डिजाइन अपने अपने नेल्स पर बनवा सकती हैं। डार्क कलर के आउटफिट में और भी खूबसूरत नजर आने के लिए आप इस तरह का फ्लोरल डिजाइन वाला नेल आर्ट बनवा सकती हैं।

### ग्लिटर डिजाइन नेल आर्ट


अगर आप लाइट का कलर का आउटफिट पहन रही हैं तो ब्यूटीफुल लुक पाने के लिए आप इस तरह का नेल आर्ट डिजाइन बनवा सकती हैं। यह नेल आर्ट ग्लिटर की मदद से बनवाया गया है और इस नेल आर्ट को बनवाने के बाद आपका नाखून काफी खूबसूरत नजर आएंगे। ग्लिटर डिजाइन में आप इस तरह नेल आर्ट भी अपने नाखूनों पर बनवा सकती हैं।

### स्टोन वर्क नेल आर्ट

एम्ब्रॉयडरी, स्टोन वर्क या एम्बेलिश्ड वर्क वाले आउटफिट के साथ आप इस तरह का नेल आर्ट डिजाइन बनवा सकती हैं। इन नेल आर्ट को बनवाने के बाद आपके नाखून बेहद ही खूबसूरत नजर आएंगे। स्टाइलिश लुक पाने के लिए आप इस तरह का नेल आर्ट भी नाखूनों पर बनवा सकती हैं और उस नेल आर्ट को बनवाने के बाद आपका नाखूनों का लुक बेहद ही अट्रैक्टिव नजर आएगा।

# वायरस से लड़ने की ताकत देती हैं खाने की ये चीजें

वायरस HMPV से लड़ने के लिए खाने की ये चीजें ताकत देती हैं। पहले भी 3 महीने की बच्ची और 8 महीने का बच्चा इस वायरस से संक्रमित पाया गया। भारत में इस वायरस से संक्रमण के मामले मिलने के बाद राज्य सरकार एक्शन में हैं और सभी को अलर्ट रहने की सलाह दी है। वैसे तो एक्सपर्ट्स का मानना है कि कुछ सावधानियां बरतकर आप खुद को वायरस की चपेट में आने से बचा सकते हैं। शरीर से टॉक्सिन को को बाहर निकालने के लिए दिन भर में खूब पानी पिएं।



1) इम्यूनिटी मजबूत करने के लिए अलग तरह के फल, सब्जियां, साबुत अनाज, लीन प्रोटीन और हेल्दी फैट को खाने में शामिल करें। विटामिन ए, सी, डी और ई के साथ-साथ जिंक और सेलेनियम से भरपूर खाने की चीजों पर ज्यादा ध्यान दें।

2) इसके अलावा खट्टे फल जैसे संतरे, अंगूर, नींबू विटामिन सी से भरपूर होते हैं। ये इम्यूनिटी बढ़ाने वाले गुणों के लिए जाने जाते हैं।

3) पालक, केल और ब्रोकोली विटामिन, मिनरल्स और एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होती हैं जो इम्यूनिटी को मजबूत करने में मदद करते हैं।

4) हेल्दी आंत को बढ़ावा देने के लिए अपने खाने में दही, साउरक्रोट या किमची को शामिल करें। अगर आंत हेल्दी रहेंगी तो आपका इम्यून सिस्टम भी स्ट्रॉन्ग रहेगा।

5) शरीर से टॉक्सिन को को बाहर निकालने और बेहतर ढंग से काम करने में मदद करने के लिए दिन भर में खूब पानी पिएं।

6) ग्रीन टी, कैमोमाइल या अदरक चाय जैसी हर्बल चाय इम्यूनिटी बढ़ाने में मदद कर सकती हैं।

7) बादाम भी अपने रूटीन में शामिल करें। ये विटामिन ई से भरपूर होते हैं जो इम्यूनिटी में सुधार कर सकते हैं।

8) लहसुन भी डायट में शामिल करें। इसमें एलिसिन होता है,ये एक यौगिक है जो वायरल संक्रमण से लड़ने में मदद कर सकता है।

# रात में इलायची वाला दूध पीने का फायदा

इलायची को यूं ही मसालों की रानी नहीं कहा जाता। अपनी बेहतरीन खुशबू और फ्लेवर के साथ-साथ ये सेहत के लिए भी बहुत ही ज्यादा फायदेमंद होती है। आमतौर पर लोग इसे चाय में डालकर या माउथ फ्रेशनर की तरह इस्तेमाल करते हैं। हालांकि इसका दोगुना फायदा पाने के लिए आप रोजाना रात में सोने से पहले इलायची वाले दूध का सेवन कर सकते हैं। इसके लिए बस आपको दूध उबालते हुए उसमें दो से तीन इलायची कूटकर डाल देनी हैं। थोड़ी देर चलाते हुए इस दूध को पकाएं और हल्का गुनगुना होने पर पी लें। रोजाना इस इलायची वाले टेस्टी दूध को पीने के बड़े ही कमाल के फायदे होते हैं।



खराब खानपान के चलते आजकल पाचन से जुड़ी कोई ना कोई समस्या तो आमतौर पर सभी को बनी ही रहती है। ऐसे में आपका पेट बिल्कुल ठीक रहे इसके लिए आप इलायची वाले दूध को अपनी डेली डाइट का हिस्सा बना सकते हैं। अगर आपको पेट से जुड़ी समस्याएं जैसे कब्ज, एसिडिटी, गैस, बदहजमी, पेट अच्छे से ना साफ होना या पेट फूलने जैसी समस्याएं बनी रहती हैं, तो इलायची का दूध आपके लिए बहुत फायदेमंद हो सकता है। इससे पाचन तंत्र भी मजबूत होता है। लाइफस्टाइल में बड़े बदलाव के चलते ब्लड प्रेशर की समस्या भी आजकल काफी कॉमन हो गई है। ब्लड प्रेशर कंट्रोल ना रहने पर शरीर में कई अन्य बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। ऐसे में सही खानपान और डॉक्टर द्वारा दी गई दवाइयों के अलावा आप इलायची वाला दूध भी अपनी डाइट में शामिल कर सकते हैं। रोज रात में सोने से पहले इलायची वाला दूध पीने से ब्लड प्रेशर कंट्रोल रहने में काफी मदद मिलती है। कैल्शियम से भरपूर दूध हमारी बोन हेल्थ के लिए कितना फायदेमंद है, ये तो हम सभी जानते हैं। लेकिन जब आप दूध के साथ इलायची भी शामिल कर लेते हैं, तो ये और भी ज्यादा असरदार हो जाता है।

# सर्दियों में शरीर को गर्म रखने के लिए करें ये योगासन

सर्दियों के मौसम में हमारा शरीर ठंडा पड़ने लगता है। इसके कारण हर वक्त ऊर्जा की कमी और सुस्ती छाई रहती है। ठंड की वजह से कामकाज भी प्रभावित होता है। ऐसे में कुछ विशेष योगासन शरीर में गर्मी पैदा करने में मदद कर सकते हैं। ये योगासन न सिर्फ शरीर को गर्म रखते हैं बल्कि मानसिक शांति भी प्रदान करता है। आइए जानते हैं इस बारे में योगा एक्सपर्ट से





### हस्त उत्तानासन कैसे करें?

प्रणामासन की स्थिति में खड़े हो जाएं। शरीर को रिलैक्स करें। धीरे-धीरे अपने हाथों को ऊपर की ओर बढ़ाते हुए सिर के ऊपर जोड़कर रखें। अपने सिर,गर्दन और पीठ को पीछे की तरफ कर्व बनाएं। हाथों को ऊपर की ओर उठाते हुए ऊपरी शरीर को पीछे की मोड़ें। इससे शरीर में खिंचाव महसूस होगा। अपनी आंखों को आसमान की तरफ फोकस रखें। इस मुद्रा में 20 सेकंड तक रहें फिर वापस आ जाएं। ऐसा कम से कम 8 बार दोहराएं।

### फायदे

इस आसन को करने से शरीर को गर्म रखने में मदद मिलती है, दरअसल जब आप इस आसन को करते हैं तो इससे रक्त संचार बढ़ता है, ऊर्जा का संचार बढ़ता है ,इससे शरीर में गर्मी बढ़ती है। इसके अलावा इससे शरीर में लचीलापन आता है और मानसिक शांति भी मिलती है।

# एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस; एसपी एसटीएफ त्रिलोक बंसल ने किया ध्वजारोहण






**दुर्ग।** 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर दुर्ग स्थित एस आर हॉस्पिटल एंड कॉलेज के परिसर में एक गरिमामय समारोह का आयोजन किया गया। देशभक्ति और उत्साह से भरे इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में एसपी एसटीएफ त्रिलोक बंसल उपस्थित हुए, जिन्होंने ध्वजारोहण कर समारोह का विधिवत शुभारंभ किया।

**शहीदों को श्रद्धांजलि और नक्सल मुक्त छत्तीसगढ़ का संकल्प**–ध्वजारोहण के पश्चात मुख्य अतिथि त्रिलोक बंसल ने प्रदेशवासियों को गणतंत्र दिवस की बधाई दी। अपने संबोधन में उन्होंने एसटीएफ (स्ज्ञस्न) की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए शहीद जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने छत्तीसगढ़ को पूर्णतः नक्सल मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराते हुए नागरिकों की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्धता जताई।

**दिग्गज हस्तियों की रही गरिमामयी उपस्थिति**–कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर व विक्रम सम्मान से सम्मानित राजेश चौहान, समाजसेवी विष्णु पाठक, वरिष्ठ पत्रकार कमल शर्मा एवं रमेश गुप्ता उपस्थित रहे। राजेश चौहान ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता पर जोर देते हुए सभी को शुभकामनाएं दीं। एस आर हॉस्पिटल के डायरेक्टर संजय तिवारी ने स्वागत भाषण के माध्यम से संविधान की गरिमा और नागरिक कर्तव्यों की याद दिलाई।

**विभिन्न क्षेत्रों की प्रतिभाओं का सम्मान**–संस्थान द्वारा समाज के प्रति उत्कृष्ट योगदान देने वाली विभूतियों को सम्मानित किया गया, जिनमें पर्यावरण प्रेमी रोम शंकर, शिक्षाविद डॉ. सुनीता वर्मा और वरिष्ठ पत्रकार शफीक खान शामिल रहे।

**क्रिकेट महासंग्राम के विजेताओं को मिले पुरस्कार**–समारोह के दौरान 12 से 25 जनवरी तक आयोजित 'क्रिकेट महासंग्राम' के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। महिला वर्गः भाव्या 11 (प्रथम स्थान) पुरुष वर्गः स्पर्श 11 (विजेता)अतिथियों ने प्लेयर ऑफ द मैच, बेस्ट बॉलर और बेस्ट बैट्समैन के खिताब भी प्रदान किए।




पूरा परिसर 'भारत माता की जय' और देशभक्ति के नारों से गुंजायमान रहा। इस आयोजन ने खेल भावना और राष्ट्रवाद का अनूठा संदेश देते हुए गणतंत्र दिवस के उत्सव को यादगार बना दिया।

## बिलासपुर के जिलाधीश संजय अग्रवाल आईपीएस ने लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप एवं एस.आर. हॉस्पिटल एंड कॉलेज दुर्ग के संयुक्त वार्षिक कैलेंडर का किया विमोचन



**दुर्ग :** लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप एवं एस.आर. हॉस्पिटल एंड कॉलेज दुर्ग के संयुक्त वार्षिक कैलेंडर वर्ष 2026 का विमोचन बिलासपुर के जिलाधीश संजय अग्रवाल आईपीएस द्वारा किया गया।इस अवसर पर जिलाधीश संजय अग्रवाल आईपीएस ने लोकतंत्र प्रहरी की पूरी टीम को नववर्ष की शुभकामनाएँ दीं।

साथ ही उन्होंने हॉस्पिटल एवं कॉलेज को शुभकामनाएँ देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार डॉ.कमल किशोर शर्मा, विजय यचुरी (हाईकोर्ट अधिवक्ता) विष्णू पाठक ( राष्ट्रीय संरक्षक ) रोहन कुम्भकार ( हाईकोर्ट अधिवक्ता ) एवं लोकतंत्र प्रहरी मीडिया ग्रुप एवं एस.आर. हॉस्पिटल एंड कॉलेज के चेयरमैन संजय तिवारी तथा अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## न्यायाधीशों एवं अधिवक्त ाओं के मध्य खेला गया क्रिकेट सद्भावना मैच

### जिला न्यायालय में मनाया गया गणतंत्र दिवस



**दुर्ग।** भारत के 77वें गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर आज जिला न्यायालय परिसर एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कार्यालय में गरिमामय वातावरण में ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराकर किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान ÷जन गण मन÷ एवं उसके पश्चात ÷वंदे मातरम्÷ का सामूहिक गायन किया गया, जिससे संपूर्ण परिसर देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत हो गया।इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा अपने उद्बोधन में भारतीय संविधान के मूल्यों–न्याय, स्वतंत्रता, समानता, राष्ट्रप्रेम, विरासत, सद्भभाव, संस्कृति एवं बंधुत्व– पर प्रकाश डालते हुए न्यायिक व्यवस्था की भूमिका एवं नागरिकों के प्रति न्यायपालिका के दायित्वों का उल्लेख किया गया। उन्होंने संविधान निर्माताओं के प्रति श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए सभी को संविधान की मर्यादा एवं कानून के शासन को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु प्रेरित किया।कार्यक्रम के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, दुर्ग द्वारा स्पोर्ट्स मीट में विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले न्यायिक अधिकारियों एवं न्यायालयीन कर्मचारियों को ट्रॉफी, मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने अपने संबोधन में कहा कि खेलकूद गतिविधियाँ न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाती हैं, बल्कि मानसिक संतुलन, टीम-स्पिरिट एवं अनुशासन को भी बढ़ावा देती हैं, जो न्यायिक कार्य के सुचारु संचालन हेतु अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों को निरंतर आयोजित किए जाने पर बल दिया। उल्लेखनीय है कि उक्त स्पोर्ट्स मीट का आयोजन न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों में स्वस्थ जीवनशैली, आपसी सौहार्द एवं कार्यक्षमता में वृद्धि के उद्देश्य से किया गया था, जिसमें विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया तथा प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।समारोह का समापन राष्ट्र के प्रति समर्पण, खेल भावना एवं स्वस्थ न्यायिक वातावरण के संकल्प के साथ किया गया। कार्यक्रम में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीशगण, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव, समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटगण, अधिवक्ता संघ के पदाधिकारीगण, न्यायालयीन कर्मचारीगण, पैरा लीगल वॉलंटियर्स (क्क्ड्ढ्व) तथा बड़ी संख्या में अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दुर्ग द्वारा इस अवसर पर निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, मध्यस्थता एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुँचाने के संकल्प को दोहराया गया।कार्यक्रम का समापन संविधान के प्रति निष्ठा एवं देश की एकता-अखंडता बनाए रखने के संकल्प के साथ किया गया। इसके पश्चात न्यायाधीशगण एवं अधिवक्ताओं के मध्य क्रिकेट सद्भावना मैच का आयोजन किया गया। इस मैच का उद्देश्य न्यायपालिका एवं अधिवक्ता समुदाय के मध्य आपसी सौहार्द, सहयोग एवं स्वस्थ कार्य वातावरण को प्रोत्साहित करना था। दोनों टीमों ने उत्साह, अनुशासन एवं खेल भावना का उत्कृष्ट परिचय दिया। मैच के दौरान खिलाड़ियों द्वारा प्रदर्शित कौशल एवं टीम वर्क ने उपस्थित दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया।

## दुर्ग में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवसः केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने किया ध्वजारोहण






**दुर्ग।** दुर्ग के ऐतिहासिक रविशंकर स्टेडियम में आज 77वां गणतंत्र दिवस पूरे गौरव और उत्साह के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि केंद्रीय आवास और शहरी कार्य राज्यमंत्री तोखन साहू ने सुबह विधिवत ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण के पश्चात उन्होंने परेड का निरीक्षण किया और सलामी ली।

**मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन**–केंद्रीय मंत्री तोखन साहू ने प्रदेश की जनता के नाम मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन किया। मुख्यमंत्री के संदेश में छत्तीसगढ़ सरकार की सुशासन की नीति, सामाजिक समरसता, जनकल्याणकारी योजनाओं और प्रदेश के विकास के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का विवरण दिया गया।

**शहीदों के परिवारों का सम्मान**–इस गरिमामय अवसर पर राष्ट्र की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले शहीद पुलिसकर्मियों के परिजनों को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ने उन्हें शॉल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके त्याग और सर्वोच्च बलिदान को याद किया।

**83 प्रतिभाएं हुई पुरस्कृत**–समारोह के दौरान विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा और उल्लेखनीय योगदान देने वाले 83 अधिकारियों, कर्मचारियों और नागरिकों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। प्रशासन के अनुसार, इन चयनित लोगों ने अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पण दिखाकर समाज के लिए एक प्रेरणास्रोत पेश किया है।

**सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन**–गणतंत्र दिवस के इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

बच्चों के नृत्य और देशभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों ने स्टेडियम में मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी, पुलिस बल और बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे।

## कोहकाः समाजसेवी इंद्रजीत सिंह की पहल से सर्व समाज को मिली बड़ी सौगात; 100 फीट ऊंचा तिरंगा बना आकर्षण का केंद्र




**भिलाई/कोहका।** कोहका क्षेत्र में सामाजिक सरोकार और जनहित के कार्यों में आज एक नया अध्याय जुड़ गया। प्रसिद्ध समाजसेवी इंद्रजीत सिंह द्वारा आयोजित एक भव्य समारोह में 'बीरा जी के अंगना' परिसर में सर्व समाज के उपयोग के लिए नवनिर्मित विशाल डोम शेड का लोकार्पण किया गया। इसके साथ ही परिसर में स्थापित 100 फीट ऊंचे गौरवशाली राष्ट्रध्वज का ध्वजारोहण कर उसे राष्ट्र को समर्पित किया गया।

सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरणकार्यक्रम के दौरान इंद्रजीत सिंह ने सर्व समाज के गणमान्य नागरिकों और विभिन्न समुदायों के प्रतिनिधियों का आत्मीय सम्मान किया। इस अवसर पर हजारों की संख्या में पहुंचे स्थानीय निवासियों और समर्थकों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, जिससे पूरा वातावरण सामाजिक एकता और उत्साह से सराबोर नजर आया।

**विकास और एकजुटता का संदेश**–आयोजन को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि यह पहल न केवल क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं का विस्तार करेगी, बल्कि विभिन्न समाजों के बीच आपसी भाईचारे और समरसता को और अधिक मजबूती प्रदान करेगी। विशाल डोम शेड बनने से अब क्षेत्र में सामाजिक और धार्मिक आयोजनों के लिए एक सर्वसुविधायुक्त स्थान उपलब्ध होगा।

**जनता ने सराहा कदम**–स्थानीय निवासियों ने इस जनहितकारी पहल की सराहना करते हुए कहा कि समाजसेवी इंद्रजीत सिंह द्वारा क्षेत्र के विकास और मान-सम्मान के लिए किया गया यह प्रयास मील का पत्थर साबित होगा। 100 फीट ऊंचा तिरंगा अब कोहका क्षेत्र की पहचान और गौरव का प्रतीक बन गया है।कुल मिलाकर, इस गरिमामय आयोजन ने कोहका में सामाजिक एकजुटता की एक नई इबारत लिखी है।

### पुलिस और भाजयुमो कार्यकर्ताओं के बीच बहस, थाने का घेराव

## गणतंत्र दिवस पर बाइक रैली के दौरान हंगामा, पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प




**भिलाई।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेक्टर-6 स्थित लाल मैदान में स्टंटबाजी को लेकर पुलिस और भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस और विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने भिलाई नगर थाने पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। बताया जाता है कि,भाजयुमो कार्यकर्ता सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत हेलमेट वितरण और बाइक रैली निकालने के लिए लाल मैदान में एकत्रित हुए थे। इसी दौरान वहां कुछ युवक बाइक पर स्टंट करने लगे। स्टंटबाजी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही स्टंटबाज युवक वहां से जा चुके थे।

**पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प**–मौके पर मौजूद भाजयुमो कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच रैली की अनुमति और स्टंटबाजी को लेकर बहस शुरू हो गई। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस के साथ हुई इस झूमाझटकी में एक कार्यकर्ता को चोट आई है। विवाद के बाद पुलिस कुछ युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आई, जिसके विरोध में भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ जायसवाल के नेतृत्व में लगभग 100 कार्यकर्ता भिलाई नगर थाने पहुंच गए और वहां विरोध प्रदर्शन किया। भाजयुमो पदाधिकारियों का कहना है कि वे एक जनहितैषी कार्यक्रम (हेलमेट वितरण) कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप किया। स्टंट करने वाले बाहरी युवक थे, जबकि पुलिस ने कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया।

इस मामले में भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर हर साल स्टंटबाजी की सूचना मिलती है इसी लिहाज से स्टंट बाजी रोकने के लिए 6 स्थानों पर पुलिस टीमें तैनात की गई थीं। सेक्टर-6 में बिना अनुमति रैली निकालने और हेलमेट न पहनने को लेकर समझाइश दी जा रही थी। इसी दौरान कुछ देर के लिए अप्रिय स्थिति बनी जिसे वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रित किया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा।फिलहाल, सीएसपी के हस्तक्षेप के बाद स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

भिलाई। गणतंत्र दिवस के अवसर पर सेक्टर-6 स्थित लाल मैदान में स्टंटबाजी को लेकर पुलिस और भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) के कार्यकर्ताओं के बीच तीखी बहस और विवाद की स्थिति निर्मित हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित कार्यकर्ताओं ने भिलाई नगर थाने पहुंचकर जमकर नारेबाजी की। बताया जाता है कि,भाजयुमो कार्यकर्ता सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत हेलमेट वितरण और बाइक रैली निकालने के लिए लाल मैदान में एकत्रित हुए थे।

इसी दौरान वहां कुछ युवक बाइक पर स्टंट करने लगे। स्टंटबाजी की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। हालांकि, पुलिस के पहुंचने से पहले ही स्टंटबाज युवक वहां से जा चुके थे।

**पुलिस और कार्यकर्ताओं के बीच झड़प**–मौके पर मौजूद भाजयुमो कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच रैली की अनुमति और स्टंटबाजी को लेकर बहस शुरू हो गई। कार्यकर्ताओं का आरोप है कि पुलिस के साथ हुई इस झूमाझटकी में एक कार्यकर्ता को चोट आई है। विवाद के बाद पुलिस कुछ युवकों को हिरासत में लेकर थाने ले आई, जिसके विरोध में भाजयुमो जिलाध्यक्ष सौरभ जायसवाल के नेतृत्व में लगभग 100 कार्यकर्ता भिलाई नगर थाने पहुंच गए और वहां विरोध प्रदर्शन किया। भाजयुमो पदाधिकारियों का कहना है कि वे एक जनहितैषी कार्यक्रम (हेलमेट वितरण) कर रहे थे, लेकिन पुलिस ने अनावश्यक रूप से हस्तक्षेप किया। स्टंट करने वाले बाहरी युवक थे, जबकि पुलिस ने कार्यकर्ताओं के साथ अभद्र व्यवहार किया। इस मामले में भिलाई नगर सीएसपी सत्यप्रकाश तिवारी ने बताया कि गणतंत्र दिवस पर हर साल स्टंटबाजी की सूचना मिलती है इसी लिहाज से स्टंट बाजी रोकने के लिए 6 स्थानों पर पुलिस टीमें तैनात की गई थीं। सेक्टर-6 में बिना अनुमति रैली निकालने और हेलमेट न पहनने को लेकर समझाइश दी जा रही थी। इसी दौरान कुछ देर के लिए अप्रिय स्थिति बनी जिसे वरिष्ठ अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर नियंत्रित किया। पुलिस ने स्पष्ट किया कि सुरक्षा नियमों का उल्लंघन किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगा। फ्लिहाल, सीएसपी के हस्तक्षेप के बाद स्थिति नियंत्रण में है और पुलिस मामले की जांच कर रही है।

स्वामी, मुद्रक व प्रकाशक संजय तिवारी द्वारा असमा पब्लिशर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, ग्रास मेमोरियल सेंटर के बाजू, जयस्तंभ चौक, रायपुर (छ.ग.)-492001 से मुद्रित करवाकर व गदा चौक, फरीद नगर रोड स्वर्गीय तुलाराम मेमोरियल स्कूल के पास सुपेला भिलाई, जिला- दुर्ग (छ.ग.) पिन कोड-490023 से प्रकाशित। संपादक : संजय तिवारी, मो. 9200000214 (समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार), समस्त विवादों का निपटारा न्यायलीन क्षेत्र दुर्ग होगा। Email : loktantraprahrinews@gmail.com